# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


पेरिस ओलंपिक



# पदक की बोहनी...मनु भाकर ने जीता कांस्य, फाइनल में पहुंचे दो निशानेबाज

एजेंसी ▶▶| शेटराउ

पेरिस ओलंपिक में स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक जीत ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला। भाकर ने इस तरह निशानेबाजी में ओलंपिक पदक के भारत के 12 साल के इंतजार को खत्म किया। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। पेरिस से लगभग 300 किमी की दूरी पर स्थित निशानेबाजी रेंज में राइफल निशानेबाजों रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता ने भी क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाकर पदक की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रप्रति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

'पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में ब्रॉन्ज पदक पर मनु भाकर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत को मनु भाकर पर गर्व है। वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। उनका यह कारनामा कई खिलाड़ियों, खासकर महिलाओं को प्रेरित करने वाला है। हम कामना करते हैं कि वह भविष्य में उपलब्धियों की और अधिक ऊंचाइयां छुएं।

## रमिता से पदक की आस



रमिता ने शनिवार को बबूता के साथ मिश्रित टीम फाइनल में जगह बनाने से चूकने की निराशा को दूर करते हुए पांचवें स्थान पर रहकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हांगझोउ एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रमिता ने क्वालीफिकेशन में 631.5 अंक जुटाए। रमिता ने 104.6 का औसत स्कोर बनाया लेकिन अगली सीरीज में उनका स्कोर 106.1 रहा। एक और सामान्य सीरीज में 104.9 अंक जुटाने के बाद उन्होंने लगातार दो बार 105.3 और फिर 105.7 अंक के साथ फाइनल में जगह बनाई।

### बबूता का फाइनल आज



बबूता ने क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। पच्चीस साल के बबूता ने 105.7, 104.9, 105.5, 105.4, 104.0 और 104.6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630.1 अंक जुटाए। बबूता सोमवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।






## मंगलवार से कई इलाकों में भारी बारिश का अनुमान, दक्षिण बस्तर में बाढ़ के हालात


# कुसमुंडा खदान में बहे अफसर का मिला शव, कई इलाकों में अब भी बाढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मानसून की सक्रियता से लगातार हो रही बारिश के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। वहां की सभी नदियां उफान पर आ चुकी है। सबसे ज्यादा प्रभावित बीजापुर जिला है जहां अब तक सामान्य से 114 मिमी. ज्यादा बारिश हो चुकी है। इधर, कोरबा की एसईसीएल कुसमुंडा खदान में शनिवार की शाम भारी बारिश के कारण खदान में हुए लैंडस्लाइड में बहे सहायक प्रबंधक माइनिंग का शव आखिरकार रविवार की सुबह बरामद कर लिया गया।*

अनवरत झड़ी से मैदानी इलाके भी तर हैं। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो औसत की आधी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार से कुछ जगहों पर भारी बारिश के आसार बन रहे हैं यानी अभी राहत नहीं मिलेगी। वहीं कोंडागांव के फरसगांव में नेशनल हाईवे 30 जुगानी के पुराने पुल में रविवार की शाम युवक बाइक धोने के दौरान बाइक के साथ युवक बह गया। आगे जाकर वह झाड़ियों में फंस गया, जिसे गोतखोर टीम सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की मेहरबानी सबसे अधिक बस्तर जिले में हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि काफी साल बाद जुलाई माह में भारी बारिश हुई है और पूरा प्रदेश 571 मिमी. वर्षा के साथ बेहतर स्थिति में आ गया है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा प्रभावित बीजापुर जिला है जहां अब तक 1310 मिमी. बारिश हो चुकी है वहां के तमाम नदियों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है और कई इलाकों में आवाजाही प्रभावित हो चुकी है। इसके अलावा ▶▶| शेष पेज 4 पर



### किस तरह की स्थिति

- इन जिलों में ज्यादा वर्षा- बीजापुर, सुकमा, बालोद, बलौदाबाजार, दंतेवाड़ा, धमतरी, कांकेर, खैरागढ़-छुईखदान, कोंडागांव, मोहला-मानपुर, नारायणपुर।
- इन जिलों में कम वर्षा- बेमेतरा, दुर्ग, जशपुर,कोरिया, मनेन्द्रगढ़-भरतपुर, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर और सरगुजा।
- यहां स्थिति सामान्य- रायपुर, बिलासपुर, बलरामपुर, बस्तर, गरियाबंद, जीपीएम, जांजगीर, कबीरधाम, मुंगेली, राजनांदगांव।




### रातभर चला रेस्क्यू

#### सुबह मिला सहायक प्रबंधक माइनिंग का शव

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में लैंडस्लाइड में बहे सहायक प्रबंधक माइनिंग जितेंद्र नागरकर का शव सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बरामद कर लिया गया। वहीं इस घटना में घायल धरमसिंह को अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। इन अधिकारियों के साथ अन्य लोग भी हादसे के समय मौजूद रहे मगर वे भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।



### टिहरी में बादल फटने के बाद तबाही, 16 भवन मलबे में तब्दील, मां-बेटी की मौत



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में बादल फटने, भूस्खलन और नदी-नालों के उफनाने की घटनाओं से व्यापक पैमाने पर क्षति हुई है। तोली तथा तिनगढ़ में भूस्खलन से 16 मकान मलबे में तब्दील हो गए। मलबे में दबकर मां-बेटी की जान चली गई। घर के लापता तीन सदस्यों की तलाश की जा रही है। भारतीय मौसम विभाग ने मप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, यूपी, राजस्थान सहित कई राज्यों में बारिश का अलर्ट किया है।

#### रौद्र रूप में भागीरथी

शुक्रवार की रात और शनिवार को भागीरथी ने रौद्र रूप ले लिया। उफान के कारण गंगोत्री के पास दिशानंद महाराज आश्रम में चार कुटिया बह गईं। चार साधुओं को भी रेस्क्यू किया गया।

मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हुए शामिल

## सीएम साय ने प्रदेश सरकार की रणनीति और कामकाज का रखा रिपोर्ट कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ दिल्ली के दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा के सामने मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश सरकार के सात माह के कार्यकाल का पूरा ब्योरा रखा। इसमें मुख्य रूप के नक्सलवाद को लेकर प्रदेश सरकार द्वार की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय में हुई मुख्यमंत्री परिषद ▶▶| शेष पेज 4 पर

### योजनाओं की दी जानकारी

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की विकास योजनाओं के बारे बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों, किसानों और नक्सल उन्मूलन के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है। इनके तहत छत्तीसगढ़ को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में एक आदर्श राज्य बनाया है। मुख्यमंत्री ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नक्सलवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान

मुख्यमंत्री ने बताया, विभागों के कामकाज और योजनाओं को पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इनमें नक्सलवाद से निपटने, भ्रष्टाचार मुक्त विभागीय कामकाज, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग, शराब की खरीदी से लेकर पीएससी के जरिये परीक्षा की जांच संबंधी कई फैसले शामिल हैं। मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जमानत का अनुरोध करते हुए दलील दी कि वह 16 महीनों से जेल में हैं और उनके खिलाफ मुकदमे में पिछले साल अक्टूबर से अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

### 11 नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्यों ने शपथ ली

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के 11 नवनिर्वाचित सदस्यों ने रविवार को यहां विधान भवन में शपथ ली। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 12 जुलाई को हुए विधान परिषद चुनावों में 11 में से नौ सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और उन सभी ने जीत दर्ज की थी। विधान परिषद चुनाव में भाजपा ने पांच, जबकि शिवसेना और राकांपा ने दो-दो सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस को एक-एक सीट पर जीत हासिल हुई थी।

### चिड़ियाघर के केयरटेकर को दरियाई घोड़े ने मार डाला



**रांची।** झारखंड के रांची के भगवान बिरसा जैविक उद्यान के एक केयरटेकर संतोष महतो की रविवार को दरियाई घोड़े के हमले में घायल होने के कारण मौत हो गयी। वह शुक्रवार को कथित तौर पर एक नवजात बच्चे को ले जाने के लिए दरियाई घोड़े के बाड़े में प्रवेश किया था। अधिकारी ने बताया कि मादा दरियाई घोड़े ने महतो पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### महिला ने महिला को एयर गन से मारी गोली



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम के वंचियूर के पास रविवार को कूरियर देने के बहाने आयी एक महिला ने एक महिला को कथित तौर पर एयर गन से गोली मार दी। पीड़ित महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की कर्मचारी 41 वर्षीय शिमी पर एक नकाबपोश महिला ने हमला किया। उन्होंने बताया कि हमलावर ने शिमी के हाथ पर एयर गन से गोली मारी और मौके से फरार हो गई।

मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा

## केदारनाथ में सोना था सिर्फ 23 किलो, कांग्रेस 230 किलो का कर रही दुष्प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पर केदारनाथ मंदिर में 230 किलो सोने के इस्तेमाल का दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि वे जौहरी का टैक्स इनवॉयस जारी करेंगे, जिससे यह साबित हो जाएगा कि मंदिर में 23 किलो सोना इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने कहा, हम शुरू से कह रहे हैं कि केदारनाथ के गर्भगृह में 23 किलो सोना था और उसमें 1000 किलो तांबे की प्लेट लगी थी, लेकिन कांग्रेस के कुछ नेता साजिश के तहत दुष्प्रचार कर रहे हैं कि केदारनाथ में 230 किलो सोना इस्तेमाल हुआ है। ट्रस्ट अध्यक्ष ने इस आरोप को उपचुनाव के लिए किया जाना बताया। ट्रस्ट अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इससे पहले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने पहले कहा था कि 320 किलो सोना गायब हुआ है, फिर यह घटकर 228 हो गया, फिर यह ▶▶| शेष पेज 4 पर

### उपचुनाव के कारण कांग्रेस फैला रही झूठ

उन्होंने कहा कि कांग्रेस केदारनाथ में जल्द ही होने वाले उपचुनाव के कारण झूठ फैला रही है। अपेंद्र अजय ने कहा, केदारनाथ में विधानसभा उपचुनाव होने हैं, ऐसे में कांग्रेस के लोग बिना किसी तथ्य और सबूत के इस तरह का दुष्प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस और उसके समर्थकों द्वारा सनसनी फैलाने के लिए इस तरह के दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय आरोप लगाए जा रहे हैं।

### दिन पर दिन घट रहा सोने का माप

ट्रस्ट अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इससे पहले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने पहले कहा था कि 320 किलो सोना गायब हुआ है, फिर यह घटकर 228 हो गया, फिर यह एक साथ 36, 32 और 27 हो गया। चाहे यह संख्या 320 हो, 228 हो, 36 हो, 32 हो या 27 हो अगर ऐसा हुआ है तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट की मदद लेना चाहिए।

### इससे पहले अविमुक्तेश्वरानंद भी लगा चुके हैं आरोप

इससे पहले 15 जुलाई को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाया था कि केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब है। केदारनाथ में सोने का घोटाला हुआ है, यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया जाता? वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ बनेगा? और फिर एक और घोटाला होगा। केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब है, कोई जांच शुरू नहीं हुई है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा। शंकराचार्य ने आगे दावा किया कि इस मुद्दे की जांच की मांग कमिश्नर से की गई थी, लेकिन उन्होंने मामले की सही तरीके से जांच नहीं की।

निवर्तमान राज्यपाल का विदाई समारोह आज

## हरिचंदन की आज विदाई, नए राज्यपाल डेका कल आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल रामेन डेका 31 जुलाई को राजभवन में संविधान की शपथ लेंगे। उन्हें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शपथ दिलाएंगे। राज्यपाल नियुक्त होने के बाद वे 30 जुलाई को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। बीती देर रात हुई नियुक्ति के बाद राजभवन में नए राज्यपाल के स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है। निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को 29 जुलाई को राजभवन में विदाई दी जाएगी।



राजभवन के द्वारा इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वे यहां से 30 जुलाई को रवाना होंगे। राज्य बनने के बाद रामेन डेका छत्तीसगढ़ के दसवें राज्यपाल होंगे।

असम के रहने वाले रामेन डेका भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। वे वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## समलिंगी समुदाय को रक्तदान की अनुमति पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

समलिंगियों के समूह ने रक्तदान की अनुमति देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्र सरकार, एनबीटीसी और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने 2017 के नियमों के संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। यह याचिका शरीफ रंगनेकर ने दायर की है। सुप्रीम कोर्ट 30 जुलाई को याचिका पर सुनवाई करेगा।

बता दें कि केंद्र सरकार ने अपने हलफनामा में कहा था कि दिशनिर्देशों के तहत बाहर किए गए व्यक्तियों की श्रेणी वे हैं जिन्हें हेपेटाइटिस ▶▶| शेष पेज 4 पर



### केंद्र सरकार ने रखा अपना पक्ष

बता दें कि ब्लड डोनर सलेक्शन गाइडलाइन को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार ने अपना रुख सुप्रीम कोर्ट में पहले ही साफ कर दिया है। केंद्र सरकार की ओर से दायर हलफनामा में कहा गया था कि ट्रांसजेंडर, समलैंगिकों और सेक्स वर्कर्स को ब्लड डोनेशन से दूर रखा गया है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने रखी ये दलील

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने हलफनामा में कहा था कि इस नतीजे पर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर पहुंचा गया है, विभिन्न अध्ययनों के अनुसार ऐसे लोगों में एचआईवी और हेपेटाइटिस बी या सी का प्रसार अधिक पाया जाता है। यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत है कि ट्रांसजेंडर्स, पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष और महिला यौनकर्मियों को एचआईवी, हेपेटाइटिस का खतरा अधिक रहता है।

## सावन का आज दूसरा सोमवार, शिवालयों में लगेगा भक्तों का मेला

# पारद से निर्मित 151 किलो वजनी अनोखा शिवलिंग

सावन विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

सावन माह में शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। राजनांदगांव शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर में श्रद्धालुओं को सावन मास में 12 ज्योतिर्लिंगों और पातालेश्वर एवं पारदेश्वर महादेव की एक साथ पूजा का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की आराधना में जुटे हुए हैं। राजनांदगांव की सिद्ध शक्तिपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर तीन लोकों में निर्मित है। यहां पाताल लोक में मां पाताल भैरवी ▶▶| शेष पेज 4 पर



### द्वादश ज्योतिर्लिंगों के एक साथ दर्शन

सावन माह के महत्व को बताते मां पाताल भैरवी मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर गोविंद महाराज ने कहा कि सावन माह में माता पार्वती ने भोले बाबा के लिए कठोर तपस्या की और उनकी भक्ति में लीन हो गई। माता पार्वती ने रेत से शिवलिंग बनाकर दूध, दही, शहद, घी से अभिषेक किया और उनकी मनोकामना पूर्ण हो गई। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति किसी कारणवश 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए बाहर नहीं जा सकता है, उसके दर्शन यहां पूर्ण हो जाते हैं।

महानदी में स्नान करने के बाद भगवान ने शिवलिंग की स्थापना की थी

## वनवास के समय श्रीराम ने किया था रूद्रेश्वर में विश्राम

**धमतरी।** जिले के रूद्रेश्वर महादेव मंदिर रूद्री में स्थापित शिवलिंग हजारों साल पुराना है। यह प्राचीनतम धरोहर अब धाम बन गया है। शिवलिंग का दर्शन करने और मनोकामना की प्राप्ति के लिए दूर-दूर से भक्त यहां पहुंचते हैं। महानदी चित्रोत्पला के किनारे होने के कारण इस मंदिर का अलग ही महत्व है। निजी ट्रस्ट और पुजारी के मुताबिक त्रेतायुग में भगवान राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण वनवास काल में रूद्रेश्वर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### मनोकामना होती है पूरी

मंदिर के समीप राधाकृष्ण और बूढ़ादेव का मंदिर स्थापित है। पं. संतोष तिवारी ने बताया कि माघ पूर्णिमा पर यहां हर साल मेला लगता है। गुरू पूर्णिमा से लेकर कृष्ण जन्माष्टमी तक 41 दिनों तक अखंड रामायण पाठ का आयोजन कई वर्षों ▶▶| शेष पेज 4 पर

*भारतीय विदेश मंत्रालयके अनुसार पिछले पांच सालों में विदेश में पढ़ने के लिए गए 633 भारतीय छात्र-छात्राओं की मौत हो गई है। इन छात्रों की मौत के पीछे अलग-अलग कारण रहे हैं। केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ती वर्धन सिंह ने शुक्रवार को इन आंकड़ों को लोकसभा के पटल पर रखा।*

# विदेश में मारे गए 633 भारतीय छात्र, चौंकाने वाले कनाडा के आंकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंकड़ो की मान तो इन छात्रों में कई छात्रों ने जातिगत भेदभाव के चलते भी अपनी जान गंवाई है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार,कनाडा में सबसे ज्यादा 172 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद 108 छात्र अमेरिका और 58 छात्र यूके में मारे गए हैं। आस्ट्रेलिया में 57 और रूस में 37 छात्रों ने अपनी जान गंवाई है। इसके साथ ही युद्ध ग्रस्त यूक्रेन जहां से लगातार छात्रों को निकाला गया था। वहां पर 18 छात्रों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा तो जर्मनी में 24 और जार्जिया, किर्गिस्तान और साइप्रस में 12 लोगों की मौत हुई है।

**कनाडा में हमलों में हुई सबसे ज्यादा छात्रों की मौत**

*राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि इन वर्षों में करीब 19 भारतीय छात्र ऐसे थे, जिनकी मौत हमलों की वजह से हुई है। इस मामले में भी कनाडा सबसे ऊपर है इस देश में हमला करने 9 भारतीय लोगों को मार दिया गया तो वहीं अमेरिका में भी 6 भारतीय छात्रों को हमला करके मार दिया गया।*

**मंत्रालय ने संसद के सामने रखी संख्या**



### सभी छात्रों की मौत के कारण अलग-अलग

*मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, जिन 633 छात्रों की मृत्यु हुई है उन सभी की मौत का कारण अलग अलग है। भारतीय छात्रों को विदेश में सबसे ज्यादा सुरक्षति रखना ही हमारा सबसे बड़ा काम है और हम उसके लिए जी-जान से लगे हुए हैं।*

### 48 छात्रों को वापस भेजा गया भारत

*एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा कि पिछले तीन सालों में 48 छात्रों को अमेरिका से डिपोर्ट करके भारत भेज दिया गया है। अमेरिकी एजेंसियों द्वारा इन छात्रों के बारे में कोई ऑफिशियल डाटा शेयर नहीं की।*

## खबर संक्षेप

### महंगे होते हैं तकनीकी समाधान : सीजेआई



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने बेंगलुरु में 'इंडिया एक्सेसिबिलिटी समिट एंड स्टेट डिसेबिलिटी कमीशनर्स कॉन्क्लेव' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी समाधान कभी-कभी अत्यधिक महंगे होते हैं और उन लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं जिन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

### शिवपाल की बजाय पांडे को बनाया नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा दांव चला है। अखिलेश यादव ने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक माता प्रसाद पांडे को यूपी विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष बनाया है। सांसद बनने से पहले इस पद को खुद अखिलेश यादव ने अपने पास रखा था, लेकिन अब उन्होंने नए नाम का ऐलान कर दिया है।

**जम्मू में बढ़ाई जा रही सुरक्षा, ओडिशा से भेजी जा रहीं बीएसएफ की दो बटालियन**

# कश्मीर में बढ़ी आतंकी घटनाएं एक महीने में 12 जवान शहीद

*जम्मू-कश्मीर में आंतकी घटनाएं घटने की बजाय एक बार फिर से बढ़ने लगी हैं। बीते एक महीने में 12 सेना के जवान शहीद हुए हैं। शनिवार की सुबह उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मच्छल सेक्टर में स्थित नियंत्रण रेखा को पार करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह और पाकिस्तान की बार्डर एक्शन टीम द्वारा हुए हमले में भारतीय अग्रिम चौकी पर तैनात सेना के जवान मोहित राठौर शहीद हो गए। जबकि एक मेजर और तीन अन्य जवान घायल हो गए। हालांकि जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी घुसपैठियों को सेना के जवानों ने मार गिराया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इससे पहले कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास 24 जुलाई को हुए हमले में नायक दिलवर खान शहीद हुए थे। इसके अलावा 23 जुलाई को पुंछ में लांस नायक सुभाष चंद्र की शहादत हुई थी। इतना ही नहीं 15 जुलाई को डोडा जिले में 10 राष्ट्रीय राइफल के एक कैप्टन और तीन सैनिकों की शहादत हुई थी। 8 जुलाई को कठुआ में 22 गढ़वाल राइफल्स के पांच सैनिकों की शहादत हुई थी। सेना के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार भारत में घुसपैठ की कोशिश करने वाले आतंकियों को पाकिस्तानी सेना द्वारा कवर दिया जाता है। जिससे की घुसपैठी भारतीय सेना में दाखिल हो सकें।



### खराब मौसम का फायदा उठाकर आतंकियों ने किया हमला

बीते दिनों हमलों की बात करें तो इसमें कई बार पाकिस्तानी आतंकियो ने खराब मौसम का फायदा उठाते हुए भी भारतीय सीमा एलओसी पार की। इसके साथ ही आतंकियों ने सेना की चौकी पर गोलीबारी की साथ ही ग्रेनेड भी चलाए। इन हमलों में दो भारतीय जवान घायल हो गए। जिसमें से एक जवान की सैन्य हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल जवान की हालत नाजुक बताई जा रही है। हाल में हुई आतंकी हमलों को देखते हुए कश्मीर के साथ-साथ जम्मू में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पीटीआई रिपोट के अनुसार सरकार ने यहां सुरक्षा को देखते हुए बीएसएफ की दो बटालियन तैनात कर रही है। इन बटालियन में 2 हजार से अधिक जवान शामिल हैं। जिन जवानों को अभी जम्मू में भेजा जा रहा है उनको छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए भेजा जाना था, लेकिन अब बीएसएफ के इन जवानों को जम्मू भेजा जा रहा है।

### मोर्चे पर होंगे 2000 जवान

बीते कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर में अक्सर कोई न कोई आतंकी हमले सामने आते रहे हैं। वहीं, सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ भी जारी है। कुल मिलाकर घाटी के गर्म हालात ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। सीमा पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय पहले ही कई कदम उठा चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो हजार से ज्यादा जवानों को तैनात किया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में एक के बाद एक आतंकी हमले हो रहे हैं। आतंकी कभी सेना के कैंपों पर तो कभी सेना के काफिले पर हमले कर रहे हैं। उनके साथ हुई गोलीबारी में कई सैनिकों की जान चली गई। ऐसे में घाटी की सुरक्षा केंद्र के लिए सिरदर्द बन गई है। उग्रवादियों का दमन कैसे किया जाए इस पर चर्चा चल रही है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, घाटी में सुरक्षा कड़ी करने का फैसला किया गया है।

### छिपे हैं 40-50 आतंकी

कुछ दिन पहले खबर आई थी कि जम्मू के पहाड़ी इलाकों में 40 से 50 आतंकी छिपे हुए हैं। जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले आतंकवादी प्रशिक्षित हैं। उनके पास आधुनिक हथियार भी हैं। छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए जम्मू में पहले से ही 500 पैरा स्पेशल फोर्स कमांडो को तैनात किया गया है। सेना न केवल आतंकवादी ठिकानों को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा रही है, बल्कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों को समर्थन देने वाले संदिग्ध स्थानों पर भी निगरानी बढ़ा रही है। यही वजह है कि केंद्र इस बार अधिक संख्या में बीएसएफ जवानों की तैनाती करने जा रहा है।

**अब कांग्रेस नेता ने भी उठाए सवाल**

# नीति आयोग की बैठक के बारे में झूठ बोल रही हैं ममता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग की बैठक के दौरान ममता बनर्जी ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। उनके इस बयान पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने भी प्रतिक्रिया दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा, "नीति आयोग की बैठक के बारे में ममता बनर्जी जो कुछ कह रही हैं, मुझे लगता है कि वह झूठ बोल रही हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री को बोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ममता बनर्जी जानती थीं कि वहां क्या होने वाला है। उनके पास स्क्रिप्ट थी।" इस मामले पर उनके विचार उनकी पार्टी कांग्रेस से अलग थे, जिसने कहा कि ममता बनर्जी के साथ जो व्यवहार किया गया वह अस्वीकार्य है।



### करोड़ो लोगों ने हिस्सा लिया

अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में अराजक स्थिति है। राज्य में कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए उनसे हस्तक्षेप करने की मांग की थी। चौधरी ने दो पन्नों के पत्र में लिखा, "मैं पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार और कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए आपके हस्तक्षेप की मांग करता हूं।

### ममता का दावा

ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बोलने के लिए अधिक समय दिया गया था, लेकिन पांच मिनट बाद ही उनका माइक बंद कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरोपों का खंडन किया। कांग्रेस ने बाद में नीति आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अपनी स्थापना के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए ढोल बजाने का काम कर रहा है। जयराम रमेश ने कहा, "दस साल पहले जब से नीति आयोग की स्थापना हुई है, तब से यह पीएमओ का एक संलग्न कार्यालय रहा है। गैर-जैविक पीएम के लिए ढोल बजाने का काम करता रहा है। इसका कामकाज स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रहा है और यह पेशेवर और स्वतंत्र बिल्कुल नहीं है।"

**भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र में बोले प्रधानमंत्री**

# केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर पायेंगे: मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा के सभी मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय 'मुख्यमंत्री-परिषद' के समापन सत्र में अपना संबोधन देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मज़बूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य हम निश्चित हासिल कर पायेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में सम्पन्न इस 'मुख्यमंत्री-परिषद' में भाजपा के सभी 13 मुख्यमंत्री और सभी 15 उप-मुख्यमंत्री सहभागी हुए। वर्तमान वर्ष 2024 का यह दूसरा आयोजन था। भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक के संबंध में भाजपा सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्त्रबुद्धे की ओर से जारी बयान में बताया गया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने से लेकर विकास कार्यक्रमों में जन-भागीदारी पर और अधिक बल देने की दृष्टि से अन्यान्य प्रयासों की आवश्यकता पर चर्चा की।

- 'मुख्यमंत्री-परिषद' में भाजपा के सभी 13 मुख्यमंत्री और सभी 15 उप-मुख्यमंत्री हुए शामिल



### नड्डा ने भी रखे विचार

शनिवार शाम अपने प्रारंभिक उद्बोधन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इन बैठकों के हम प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन पाते हैं, अपने अनुभवों का आदान -प्रदान कर पाते हैं और कुछ नई जानकारी या नया आकलन भी पाते हैं। साथ ही कुछ और अधिक अच्छा करने की हमारी भावना बलवती होती है। इस बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में राज्य सरकारों की भूमिका की चर्चा की और राज्य सरकारों से जो अपेक्षायें हैं, उनका भी विवरण प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तार से चर्चा हुई।



# पवार ने मंत्री रहते साजिश कर फंसाया था अमित शाह को!

**नई दिल्ली।** अमित शाह को लेकर दिए अपने बयान पर शरद पवार घिरते नजर आ रहे हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि शरद पवार जब यूपीए में मंत्री थे तो उन्होंने साजिश करके अमित शाह को फंसाया। अब वह ऐसा बयान दे रहे हैं। शरद पवार को अमित शाह से माफी मांगनी चाहिए।

शरद पवार ने अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा था कि कानून का दुरुपयोग करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। आज वह देश के गृहमंत्री हैं। अब इस पर भाजपा सांसद पीयूष गोयल समेत कई नेताओं ने लेकर शरद पवार को आड़े हाथों लिया है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि अमित शाह को कोर्ट से क्लीन चिट मिली थी।

***भाजपा नेताओं ने बोला चौतरफा हमला***



### शाह के बयान से मचा बवाल

गौरतलब है कि बीते रविवार को पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा था कि भारतीय राजनीति में कोई भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा 'सरगना' है तो वह शरद पवार हैं। इस बारे में मेरे मन में कोई भ्रम नहीं है। मैं खुले तौर पर कह रहा हूं कि पवार ने देश में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है। इसके जवाब में शरद पवार ने उनके ऊपर हमला बोला था। हालांकि अमित शाह को महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के साथियों से ही इसको लेकर सुनना पड़ा था।




**अब ट्रंप के लिए की बड़ी भविष्यवाणी**

# बाइडेन-हैरिस को लेकर सच हुई एस्ट्रोलॉजर की बात



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

एस्ट्रोलॉजर (ज्योतिषी) एमी ट्रिप ने इस साल 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की रेस से जो बाइडेन के बाहर होने की सटीक तारीख की भविष्यवाणी की थी। अब उन्होंने अगला अमेरिकी राष्ट्रपति कौन होगा, इसे लेकर भविष्यवाणी की है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट में के मुताबिक एमी ट्रिप का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप आगामी चुनाव जीतकर संयुक्त राज्य अमेरिका के अगले प्रेसिडेंट बनेंगे। एमी ट्रिप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के बायो में खुद को 'इंटरनेट का सबसे कुख्यात ज्योतिषी' के रूप में परिभाषित करती हैं। उनसे पूछा गया कि आपकी गणना के अनुसार ग्रहों की चाल क्या कहती है, अमेरिका का अगला कमांडर इन चीफ कौन होगा? इसके जवाब में एमी ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप का सूर्य उनके करियर के पेंटहाउस में है, जो वास्तविक के लिए काफी उपयुक्त है।

### एमी ट्रंप ने डोनाल्ड ट्रंप को लेकर की बड़ी भविष्यवाणी

एमी ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि ट्रंप का सूरज उनके करियर के पेंटहाउस में है, जो आगामी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त स्थिति है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ट्रंप के साथ और भी कुछ चौंकाने वाली घटनाएं हो सकती हैं। ट्रिप ने कहा, 'ट्रंप का यूरेनस स्वर्ग के मध्य में स्थित है, जो उनके करियर और लक्ष्यों में अप्रत्याशितता का संकेत देता है।' बता दें कि एस्ट्रोलॉजर यूरेनस को आकस्मिक उतार चढ़ाव और बड़े परिवर्तन का ग्रह मानते हैं। सारे ग्रहों में इसको सबसे ज्यादा वृद्ध माना जाता है।

### बाइडेन-हैरिस की सटीक भविष्यवाणी

जब एक फॉलोवर ने एमी ट्रिप से पूछा कि जो बाइडेन आगामी राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ा बड़ा फैसले किस तारीख को ले सकते हैं, तो उन्होंने 21 जुलाई कहा था। बता दें कि बाइडेन ने 21 जुलाई को ही घोषणा की थी कि वह आगामी राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगे और इस दिन पूर्णिमा था। 11 अगस्त, 2020 को एमी ट्रिप ने भविष्यवाणी की थी कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 2024 में राष्ट्रपति पद की रेस में होंगी। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट बनने के लिए नॉमिनेशन कर दिया है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# गायब हो रहा 19 एकड़ का एक तालाब, दूसरे का रकबा आधा बचा, बिना रोक-टोक कब्जा

हरिभूमि लाइव छठवीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय गरियाबंद में 16 हजार की आबादी वाले नगर पालिका क्षेत्र में निस्तारी के लिए चार तालाब शासन के रिकार्ड में है, जिसमें छिंद तालाब, देवरनीन तालाब, नया तालाब और माहरीन ड़बरी प्रमुख हैं। शहर के बीचों बीच इन सभी तालाबों में एक अरसे से जमकर अतिक्रमण हुए हैं। नगर के देवरनीन ▶▶|शेष पेज 4 पर



**19 एकड़ में फैले देवरनीन तालाब का समाप्त हो गया अस्तित्व**

### आधा रह गया नया तालाब, अतिक्रमण के कारण सौंदर्यीकरण भी रुका

शासन के रिकार्ड में नगर के नया तालाब 10 एकड़ में फैला हुआ है। अतिक्रमण के चलते नया तालाब की सूरत ही बदल गई है। बमुश्किल से नया तालाब 5 एकड़ में सिमट कर रह गया है। बीते दिनों नया तालाब का सौन्दर्यकरण कार्य प्रारंभ हुआ था, नया तालाब नगर पालिका और ग्राम पंचायत आमदी (म) की सीमा क्षेत्र में है।

शासन ने एक करोड़ की लागत से नया तालाब में सौन्दर्यीकरण की स्वीकृति मिली है, लेकिन अतिक्रमण हटाने अब तक किसी ने पहल नहीं की। यहां बताना लाजिमी होगा कि नया तालाब में पिछले 10 वर्षों से निस्तारी पूर्णतः बंद है, जिसका मुख्य वजह नया तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा है, ▶▶|शेष पेज 4 पर



एनजीटी के मुताबिक यहां हुए अतिक्रमण
- छुरा
- कोपरा
- राजिम
- फिंगेश्वर

### अंतिम संस्कार भी प्रभावित

नगर में किसी की मृत्यु होने पर मौत मिट्टी का कार्यक्रम इसी तालाब में होने की परंपरा है, पर लोगों को यहां मृत्यु संस्कार कार्यक्रम के लिए जरूरी पानी नहीं नसीब होता है। इस तालाब में सौंदर्यीकरण करने के नाम पर जरूर राजनीति होती है। इस तालाब का अस्तित्व पूरी तरह से खत्म हो चुका है। इतने बड़े आबादी के शहर में लोगों को निस्तारी के लिए जूझना पड़ता है।

### चुनावी वायदे तक सिमट गया तालाब का रखरखाव

रावणभांठा के तालाब से 50 कदम की दूरी पर मुक्ति धाम है, लोग क्रियाकर्म के बाद लोग वहीं स्नान करने पहुंचते हैं, लेकिन तालाब पूरी तरह सूख जाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्ट्रेट से महज 500 मीटर की दूरी है, जहां रावणभांठा वार्ड के लोग वर्षों से तालाब की समस्या से जूझ रहे हैं। समस्या से निजात दिलाने वाला कोई नहीं नगर पालिका चुनाव से पहले बड़े बड़े वादे किए गए थे कि जीतने के बाद तालाब का सौन्दर्यीकरण करेंगे, नाली की सफाई और पानी की सभी समस्या को दूर करेंगे, पर सब तो चुनाव जीतने तक ही सीमित रह गया। यहां के लोगों ने बताया कि पालिका में कई बार आवेदन भी दे चुके हैं, उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## हादसे के बाद सियासी उबाल भी, कोचिंग सेंटर मालिक गिरफ्तार, 13 कोचिंग सेंटर सील

# कोचिंग सेंटर में तीन स्टूडेंट की मौत पर जमकर बवाल, छात्रों का प्रदर्शन, पुलिस ने भांजी लाठियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से दो छात्राओं और एक छात्र की मौत के बाद आक्रोशित छात्रों ने करोल बाग मेट्रो स्टेशन पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। छात्रों की मौत पर सियासत भी शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी व भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे को इस घटना का जिम्मेदार बता रहे हैं। इधर पुलिस ने कोचिंग सेंटर के मालिक तथा बिल्डिंग के केयर टेकर को हिरासत में ले लिया है। एमसीडी ने जांच के बाद 13 कोचिंग सेंटर को सील कर दिया है।

छात्रों की मौत के बाद अब इस मामले में सियासत शुरू हो गई है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी है। वहीं, राजेंद्र नगर से आप के विधायक दुर्गेश पाठक ने इस घटना के लिए बीजेपी को जिम्मेदार बताया है। दिल्ली की मेयर शेली ओबेराय ने कहा कि इस मामले में जो कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस की जांच में कई नियमों के उल्लंघन की जानकारी सामने आई है। जिस बेसमेंट का इस्तेमाल लाइब्रेरी के तौर पर किया जा रहा था, उसे केवल स्टोरेज या पार्किंग के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति मिली थी। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। छात्र 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### कोचिंग का मालिक और समन्वयक गिरफ्तार

इस मामले में कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कोचिंग सेंटर का प्रबंधन और नगर निगम के लोग भी जांच के दायरे में हैं। मृतकों की पहचान नेविन डाल्विन, तान्या सोनी और श्रेया यादव के तौर पर हुई है। नेविन केरल, श्रेया उत्तर प्रदेश और तान्या तेलंगाना की रहने वाली थीं।





### मृतकों के परिजनों को मिले 1 करोड़ मुआवजा : भाजपा अध्यक्ष

भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मांग करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा शोक संतप्त परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### गैर जवाबदेही के कारण जान से खिलवाड़ : राहुल गांधी

दिल्ली कोचिंग हादसे पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दुख जताते हुए कहा कि ये इन्फ्रास्ट्रक्चर का कोलैप्स, सिस्टम की संयुक्त असफलता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

### 'हादसा नहीं हत्या': भाजपा प्रवक्ता पूनावाला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह हादसा नहीं आम आदमी पार्टी द्वारा की गई हत्या है, आपराधिक लापरवाही है। उन्होंने कहा कि हर मानसून में दिल्ली में हर जगह जलभराव हो जाता है। यह जानलेवा बन चुकी है। इसके लिए आम आदमी पार्टी पूरी तरह से जिम्मेदार है।

### दिल्ली सीएम व विधायक जिम्मेदार : बांसुरी स्वराज

कोचिंग सेंटर में हुई इस घटना को लेकर अब सियासत शुरू हो गई है। बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने इस घटना के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जांच भ्रष्टाचार की होनी चाहिए।

### नालों की सफाई आप की जिम्मेदारीः विधायक सचदेवा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम पिछले दो महीनों से कह रहे हैं कि दिल्ली में नालों की सफाई नहीं हो रही है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार केवल भ्रष्टाचार कर रही है और वह केवल बहाने ढूंढ रही है। नालों की सफाई सुनिश्चित करना आप की जिम्मेदारी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### दिल्ली सरकार पूरी तरह विफल : कांग्रेस

दिल्ली के राजेंद्र नगर कोचिंग सेंटर की घटना पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव कि आज दिल्ली सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। वह पानी नहीं दे पा रही है, जलभराव हो रहा है। बेसमेंट में संस्थान चलाने की अनुमति किसने दी? हमें इस पर ध्यान देना चाहिए। कुछ घंटों की सहानुभूति से काम नहीं होने वाला है।

### दिल्ली के सभी कोचिंग सेंटर की हो जांचः मेयर

दिल्ली के राजेंद्र नगर कोचिंग सेंटर हादसा मामले में मेयर शेली ओबेरॉय ने एमसीडी कमिश्नर को निर्देश दिया कि दिल्ली में ऐसे सभी कोचिंग सेंटर जो एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं, जो बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करते हैं और मानदंडों के अनुसार नहीं हैं, उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए।

## हिजबुल्लाह के हमले से दहला इजरायल, बच्चों के शव देख विचलित हुए लोग



एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल नियंत्रित गोलन हाइट्स में शनिवार को अचानक एक रॉकेट से हमला किया गया। रॉकेट से हमला उस वक्त किया गया जब बच्चे एक जगह पर इकट्ठा होकर फुटबॉल खेल रहे थे। वहीं इस रॉकेट हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हमले में कई अन्य लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि वह जल्द से जल्द अमेरिका से स्वदेश लौट रहे हैं। बता दें कि यह रॉकेट हमला दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्ला समूह के तीन सदस्यों के मारे जाने के कुछ घंटों के बाद हुआ। हालांकि इजराइल इस हमले के लिए हिजबुल्ला को दोषी ठहरा रहा है, लेकिन हिजबुल्ला ने किसी भी भूमिका से इनकार कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 40 से अधिक रॉकेट इजरायल की ओर दागे गए।

- मिसाइल अमेरिका से लौटेंगे नेतन्याहू

### नेतन्याहू बोले- भारी कीमत चुकानी होगी

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि हिजबुल्ला को इस हमले के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो उसने अब तक नहीं चुकाई है। उनके कार्यालय ने शनिवार को इजरायली नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स में एक फुटबॉल मैदान पर रॉकेट हमले के बाद कहा कि कम से कम 11 लोग मारे गए।

### अब इजरायल जरूर करेगा पलटवार

एक्सपर्टों का कहना है कि इस भयावह हमले के बाद अब इजराल- हमास युद्ध का विस्तार होना तय हो गया है। इजरायल इस हमले का जवाब जरूर देगा और इसका खामियाजा हिजबुल्ला समेत लेबनान को भुगतना पड़ेगा। इस अटैक के बाद हिज्बुल्लाह ने अब तक अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। माना जा रहा है कि इजरायल ने इस हमले के बारे में अपने पश्चिमी सहयोगी देशों को भी सूचित कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की हत्या मामले में तीन और गिरफ्तार

**चेन्नई।** बहुजन समाज पार्टी नेता के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार



लोगों की पहचान एन. विजयकुमार, वी. मुकिलन और एन. विगनेश के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को रविवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें 15 दिन की हिरासत में भेज दिया।

### यूपी के मऊ में मिले तीन कंकाल, पुलिस जांच में जुटी


**मऊ।** मऊ शहर के कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार को एक पोखरे के पास तीन कंकाल मिले। पुलिस इस



मामले की जांच कर रही है। मऊ शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि ताजोपुर गांव के एक तालाब के पास ग्रामीणों द्वारा जमीन में गड़े कथित नर कंकाल की सूचना दी गई।

### चीन में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत, छह घायल

**बीजिंग।** चीन के हुनान में रविवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक मकान ढह



गया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपातकालीन कमान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन हेंगयांग शहर के यूलिन गांव में सुबह करीब आठ बजे हुआ। भूस्खलन होने से मकान का एक हिस्सा ढह गया।

### झारखंड के सिंहभूम में हाथी ने दो लोगों की ले ली जान

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में हाथी के हमले में एक महिला समेत दो लोगों की



मौत हो गई। वन अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह चौठिया गांव के पास जंगल में गए 70 वर्षीय एक व्यक्ति को एक हाथी ने कुचल दिया। उन्होंने बताया कि हाथी ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया।

### कांवड़ियों के कारण एक्सप्रेसवे पर यातायात पर पाबंदी

**गाजियाबाद।** पुलिस ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर यातायात पाबंदी लगाने के साथ ही सुरक्षा



बढ़ा दी है। यह कदम एक दिन पहले एक कार द्वारा सड़क पर कुछ कांवड़ियों को कथित तौर पर टक्कर मारने की घटना के बाद उठाया गया है। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि इससे विवाद की स्थिति खत्म होंगी।

## यूपी के पूर्व मंत्री की जमीन हड़पने बनाई फर्जी वसीयत, पूर्व विधायक समेत 7 पर केस दर्ज





एजेंसी ▶▶| आगरा

चार बार के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुवर दयाल वर्मा की जमीन हड़पने के लिए फर्जी वसीयत बनाने वाले पूर्व विधायक सहित सात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने जमीन का वारिस होने का दस्तावेज तैयार कर दो बार जमीन हड़पने का प्रयास किया। इस बीच जांच में पूरा तथ्य सामने आने के बाद आगरा के शाहगंज थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। करीब 70 करोड़ की जमीन कब्जाने के मामले में शिकोहाबाद के पूर्व विधायक, एसपी शिकोहाबाद समेत सात लोगों की संलिप्तता पाए जाने पर शाहगंज पुलिस ने आगे की जांच की है।

### इन लोगों पर केस किया गया दर्ज

मामले में नगला पैमा निवासी शिवराम सिंह, विजेंद्र सिंह, टर्फान सिंह, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा, निहाल, मोहन वर्मा, विशंभर सिंह, तत्कालीन उप रजिस्ट्रार और कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं। फर्जी वसीयत मामले में पूर्व विधायक ओमप्रकाश गवाह थे।

### 70 करोड़ की जमीन हड़पने बने नकली वारिस

पूर्व मंत्री रघुवर दयाल वर्मा के निधन से पांच साल पहले 17 जून 2011 को उनकी पत्नी का निधन हो गया था। चूंकि उसकी कोई संतान नहीं थी, इसलिए आरोपी ने खुद को उत्तराधिकारी बताकर धोखाधड़ी की। पूरे मामले में उनकी बहन के पोते वकील राजेश कुमार वर्मा ने अर्जी दाखिल की। आरोपियों द्वारा करीब 70 करोड़ कीमत की 28 जमीन हड़पने की योजना बनाई गई थी।

### मंत्री की दो बहनें हैं असली हकदार

वकील राजेश वर्मा ने याचिका में लिखा है कि, 'पूर्व मंत्री रघुवर दयाल वर्मा की दो बहनें धनवंती और भूदेवी उनकी असली वारिस हैं। जिसमें राजेश ने आरोप लगाया कि अगस्त 2011 में नगला पैमा निवासी शिवराम सिंह, विजेंद्र सिंह और टर्फन ने खुद को रघुवर दयाल का वारिस बताते हुए तालुक में अर्जी दाखिल की है जो कि सरासर गलत है।

### विधानसभा से मंगवाया हस्ताक्षर का नमूना


वसीयत 8 जुलाई 1981 को पंजीकृत की गई थी। जिसमें आरोपियों ने झूठे दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें रघुवर दयाल और तेज बहादुर के हस्ताक्षर भी फर्जी थे। पूरे मामले को लेकर कोर्ट के आदेश के मुताबिक पाया गया कि आरोपी ने वसीयत में फर्जी हस्ताक्षर किए थे। मामले की सटीक जांच के लिए रघुवर दयाल की विधानसभा से हस्ताक्षर का नमूना लिया गया।

## खूंखार माओवादी नेता सोमन केरल के पलक्कड़ से गिरफ्तार

*यूएपीए के तहत दर्ज हैं कई मामले, माओवादी केरल के कई जंगली इलाकों में सक्रिय*

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल एटीएस ने शनिवार को माओवादी नेता सोमन को पलक्कड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की फाइलों में सोमन कई यूएपीए मामलों में आरोपी है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि सोमन से एर्नाकुलम में पूछताछ की जा रही है। सोमन प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की पश्चिमी घाट विशेष क्षेत्र समिति के कबानी दलम का नेता है। इससे पहले वरिष्ठ माओवादी नेता मनोज सोमन को कोच्चि से गिरफ्तार किया गया था।



### विजयन सरकार ने आठ माओवादियों को मार गिराया गया

बता दें कि पिनाराई विजयन के नेतृत्व में वाम मोर्चे के केरल में सत्ता संभालने के बाद से आठ माओवादियों को मार गिराया गया है। तमिलनाडु के मूल निवासी कुप्पू देवराजन और अजित उर्फ कावेरी 24 नवंबर, 2016 को मलप्पुरम में पुलिस और माओवादियों के बीच झड़प में मारे गए थे।

### माओवादी केरल के कई जंगली इलाकों में सक्रिय

केरल पुलिस के मुताबिक, सोमन 2011 से माओवादी आंदोलन से जुड़ा हुआ है और माओवादी समूहों के कबानी दलम और नाडुकनी दलम का हिस्सा रहा है। माओवादी समूह केरल के कई इलाकों में जंगल से सटे इलाकों में सक्रिय हैं।

**सुरक्षाकर्मियों ने की कार्रवाई**

## अवैध रूप से भारत में घुसते 23 बांग्लादेशी अगरतला से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अगरतला

भारत में अवैध तरीके से एंट्री करने के आरोप में सुरक्षाकर्मियों ने एक दलाल सहित कम से कम 23 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी रेलवे पुलिस के जवानों ने शनिवार रात अगरतला रेलवे स्टेशन पर बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। जब वे गुवाहाटी के रास्ते अन्य भारतीय राज्यों की यात्रा के लिए ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने वाले लगभग 19 साल से 40 साल की आयु के बांग्लादेशी हैं।



### चार महिलाएं व दलाल पकड़ाया

इधर अगरतला रेलवे स्टेशन पर कथित तौर पर अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के आरोप में चार बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। सरकारी रेलवे पुलिस ने बताया कि आरोपियों की मदद करने के लिए एक भारतीय दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है।

**केरल हाईकोर्ट ने 28 वकीलों को दी अनोखी सजा**

## माफी से काम नहीं चलेगा, 6 महीने तक मुफ्त कानूनी सेवाएं दो

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

सिर्फ माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, आपको छह महीने तक कानूनी सेवाएं देनी होगी। दरअसल, केरल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कोट्टायम बार एसोसिएशन के 28 वकीलों को मुफ्त में 6 महीने तक अपनी सेवाएं देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पिछले साल कोट्टायम में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के खिलाफ अपमानजनक नारे लगाने वाले दोषी वकीलों में से 28 ने अब बिना शर्त माफी मांगने की पेशकश की थी लेकिन हम माफी देकर बचने नहीं देंगे। कोर्ट ने अदालत की अवमानना की कार्यवाही से राहत पाने के लिए ये फैसला सुनाया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि ये वकील अपने नियमित कानूनी करियर को जारी रख सकते हैं। बता दें कि यह घटना पिछले साल नवंबर में हुई थी, जब वकीलों के एक समूह ने कोट्टायम ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 'अपमानजनक' नारे लगाने पर कार्रवाई

केरल हाईकोर्ट ने कहा कि पिछले साल कोट्टायम में कोर्ट के अंदर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के खिलाफ 'अपमानजनक' नारे लगाने के लिए वकील हाईकोर्ट की जांच के दायरे में आए थे। जब हाईकोर्ट ने कार्यवाही शुरू की तो दोषी वकीलों में से 28 ने बिना शर्त माफी मांगने की पेशकश की।





### गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करो

कोर्ट ने इस पर कहा, हमारा मानना है कि प्रतिवादियों को सिर्फ 'माफी' मांगकर बच निकलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि माफी मांगना सबसे आसान तरीका है। कोर्ट ने कहा कि 28 वकीलों को सुधारात्मक उपाय के तौर पर गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सेवाएं देनी चाहिए।

### वकील बोले- हम ऐसा करने को तैयार

वकीलों ने कहा कि वे ऐसा करेंगे, बशर्ते कि इससे उनके वकालत करने के अधिकार पर असर न पड़े। अदालत ने कहा, इस मामले के तथ्यों को देखते हुए, हम प्रतिवादी 2 से 29 द्वारा मांगी गई बिना शर्त माफी को स्वीकार करते हैं लेकिन वे छह महीने की अवधि के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोट्टायम को गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त में अपनी सेवाएं देंगे।

## चिंतन

# शारीरिक शिक्षा पर यूएन की चिंता को समझे सरकार

समय के साथ शिक्षा का स्वरूप भी बदला है। प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली में छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाता था, उसमें पठन-पाठन के साथ व्यवहारिक ज्ञान व शारीरिक शिक्षा पर भी जोर होता था। लेकिन आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अधिकांश जोर किताबी ज्ञान पर बढ़ता गया है। आज की शिक्षा पद्धत्ति में शारीरिक, पोषण व खानपान से जुड़ी शिक्षा व पाठ्यक्रम पर अधिक जोर नहीं है, कहीं अगर आहार विज्ञान की शिक्षा दी भी जा रही है, तो उसके पाठ्यक्रम में अनेक त्रुटियां हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर के अधिकांश स्कूली छात्रों के पास न्यूनतम शारीरिक शिक्षा तक पहुंच नहीं है। इसका कारण है कि आज के स्कूली बच्चों में मोटापा समेत अनेक प्रकार की लाइफस्टाइल जनित परेशानियां बढ़ रही हैं। गुणवत्तापूर्ण शारीरिक शिक्षा पर पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के अधिकांश स्कूली बच्चों के पास अब भी न्यूनतम आवश्यक शारीरिक शिक्षा तक पहुंच नहीं है। यूनेस्को की शिक्षा टीम द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'ग्लोबल स्टेट ऑफ प्ले' से पता चला है कि केवल 58 प्रतिशत देशों ने लड़कियों के लिए शारीरिक शिक्षा अनिवार्य की है और दुनिया भर में केवल सात प्रतिशत विद्यालयों ने लड़कों और लड़कियों के लिए शारीरिक शिक्षा का एक समान समय निर्धारित किया है। दुनिया भर में माध्यमिक विद्यालय के दो-तिहाई छात्रों और प्राथमिक विद्यालय के आधे से अधिक छात्रों को आवश्यक न्यूनतम साप्ताहिक शारीरिक शिक्षा नहीं दी जाती है। भारत में स्थिति बहुत नाजुक है। भारतीय सरकारी व निजी स्कूलों अधिकतर किताबी ज्ञान पर जोर है, पाठ्यक्रम ही ऐसे हैं, जिसमें शारीरिक व आहार व पोषण और खानपान की शिक्षा पर जोर नहीं है। अधिकांश स्कूलों का नंबर आधारित ग्रेडिंग सिस्टम पर जोर है। आज जरूरत संतुलन की है। कहा जाता है कि प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर। पाठ्यक्रम के साथ शारीरिक शिक्षा से बच्चों का समग्र शारीरिक व मानसिक विकास होगा, बच्चे स्वस्थ रहेंगे, मौसमी रोगों से मुक्त रहेंगे। मोटापा से ग्रसित नहीं होंगे। यह बहुत जरूरी है कि स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक खानपान के साथ शारीरिक श्रम आवश्यक है। आज बाजार में खानपान के नाम पर जंक फूड व पेय के रूप में सैकड़ों अखाद्य उत्पाद है, इसलिए बच्चों को यह ज्ञान देना जरूरी है कि उन्हें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए। यह ज्ञान अगर बचपन में मिल जाएगा जो जीवन भर फूड व्यवहार बदल जाएगा और नागरिक कम बीमार पड़ेंगे। ऐसे ही अगर बच्चों को फिट रहने की व्यवस्थित ट्रेनिंग स्कूल में दी जाय, शारीरिक शिक्षा के माध्यम से व्यायाम, श्रम, योग, ध्यान आदि की आदत बचपन से डाली जाय तो बच्चे बड़े होकर भी व्यायाम के प्रति जागरूक रहेंगे और फिटनेस पर ध्यान देंगे। इससे भी वे कम बीमार पड़ेंगे। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, दो-तिहाई देश अपने शिक्षा बजट का दो प्रतिशत से कम शारीरिक शिक्षा के लिए आवंटित करते हैं। चिंताजनक मुद्दा नीति और अमल के बीच विसंगति है। भारत में केंद्र व राज्य सरकारों को सभी स्तर के स्कूलों और कालेजों में शारीरिक शिक्षा व आहार विज्ञान को पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बनाना चाहिए, इसके व्यवहार में अमल पर जोर देना चाहिए। यह केवल खानापूर्ति न रहे। यूएन की रिपोर्ट हमारी स्कूली शिक्षा की विसंगतियों पर गंभीर सवाल उठाती है। हमें अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि पीढ़ियां स्वस्थ रहें, शारीरिक रूप में मजबूत रहें।

# प्रतियोगी परीक्षा संस्थानों की साख पर संकट



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानि 'एनटीए' द्वारा ली गई नीट-यूजी परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक का मामला अभी सुर्खियों में ही था कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के फर्जी ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर और मानसिक अस्वस्थता व कमजोर दृष्टि संबंधी फर्जी विकलांगता प्रमाणपत्र के जरिए चयन के मामले ने संघ लोकसेवा आयोग 'यूपीएससी' के दामन पर भी दाग लगा दिया। जांच में यह भी पता चला है कि इस ट्रेनी आईएएस अफसर ने अपना नाम, पिता और माता का नाम, अपनी फोटो, हस्ताक्षर, ईमेल आईडी, मोबाइल और पता बदलकर फर्जी परिचय पत्र बनवा कर यूपीएससी परीक्षा की स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का धोखाधड़ी कर चयन का लाभ लिया है। पूजा खेडकर ने व्यवस्था के ढीलापन का फायदा उठाते हुए यूपीएससी के तय शुदा एम्स के मेडिकल बोर्ड के सामने छह बार उपस्थित नहीं हुई बल्कि उन्होंने निजी अस्पताल का मेडिकल सर्टिफिकेट पेश कर दिया। हालांकि इस सर्टिफिकेट को यूपीएससी और कैट यानि सेंट्रल एडमिनेस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने खारिज कर दिया। आश्चर्यजनक यह कि खेडकर के मेडिकल सर्टिफिकेट जिसके जरिए उनका चयन हुआ था अस्वीकार होने के बावजूद उन्हें किस बिना पर उनके गृह राज्य महाराष्ट्र का कैडर आबंटित हुआ? यह अहम सवाल है।

अलबत्ता इस मामले के प्रकाश में आने के बाद यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नियम के तहत पूजा खेडकर को उसका आवेदन रद्द करने और भविष्य के परीक्षाओं से वंचित करने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले के उजागर होने के बाद सोशल मीडिया में पूर्व में चयनित अनेक आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर भी फर्जी दिव्यांग, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी सर्टिफिकेट के जरिए सलेक्ट होने का आरोप लग रहे हैं। सोशल मीडिया की मानें तो बतौर आईएएस और आईपीएस के रूप में चयनित अभिषेक सिंह, निकिता खंडेलवाल, आसिफ के यूसुफ, प्रियांशु खाती और अनु बेनिवाल ने फर्जी सर्टिफिकेट के सहारा लिया है लेकिन इन खबरों की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। बहरहाल पूजा खेडकर का मामला सरगर्म ही था कि इस बीच संघ लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी द्वारा व्यक्तिगत वजहों से पांच साल पहले अपने पद से इस्तीफा देने की खबरों ने विवाद को नया तूल दे दिया है। हालांकि अभी केंद्र सरकार ने उनका त्यागपत्र स्वीकार नहीं किया है लेकिन इस फैसले ने राजनीतिक रंग ले लिया है।



गौरतलब है कि संघ लोकसेवा आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो 14 प्रमुख भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है। इन परीक्षाओं में बेहद प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा 'आईएएस', भारतीय विदेश सेवा 'आईएफएस', भारतीय पुलिस सेवा 'आईपीएस', भारतीय राजस्व सेवा 'आईआरएस' सहित केंद्र सरकार के ग्रुप 'ए' और 'बी' के लिए परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित करता है।

बीते दिनों लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा सांसद ओम बिरला के दोबारा लोकसभा स्पीकर चुनने के बाद सोशल मीडिया में उनकी छोटी बेटी अंजलि बिरला जो मॉडल थी के आईएएस में चयन पर तमाम तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगते रहे। सोशल मीडिया पर यूजर्स यह फेक न्यूज वायरल करते रहे कि अंजलि सिविल सर्विसेज की परीक्षा में शामिल हुए बिना ही पिता के रसूख के बलबूते पिछले दरवाजे से चयनित हो गई। हालांकि यह सभी खबरें झूठी और राजनीति प्रेरित थी क्योंकि अंजलि का चयन 2021 में हो गया था तथा उन्होंने यह कामयाबी परीक्षा के तमाम चरणों में सफलता के बाद हासिल की थी। अलबत्ता यूपीएससी पर हाल में उठे ऊंगली के मद्देनजर संस्थान ने आगामी परीक्षाओं को पूर्ण रूपेण चाक चौबंद करने के उद्देश्य से अभ्यर्थियों के आधार कार्ड आधारित फिंगर प्रिंट वेरीफिकेशन, चेहरे की पहचान और ई-एडमिशन लेटर की क्यूआर स्कैनिंग तथा एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था करने की तैयारी शुरू कर दी है।

देश में मेडिकल, जेईई मेन्स, यूजीसी और विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए 'एनटीए' द्वारा संयुक्त परीक्षाएं आयोजित की जाती है। एनटीए द्वारा इस साल ली गई नीट - यूजी परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक के मामले ने इस संस्था के साख पर बट्टा लगाया है। दरअसल एनटीए ने जिस तरह से ऐन लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन आनन फानन में परिणाम घोषित किया। परिणाम घोषित होने के बाद परीक्षार्थियों और अभिभावकों की त्योरियां चढ़ गई क्योंकि इस रिजल्ट में 67 परीक्षार्थियों को शत प्रतिशत अंक मिला था तथा 1600 अभ्यर्थियों की उच्च रैंकिंग आई थी। अनेक अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने कथित अनियमितताओं, पेपर लीक और परीक्षार्थियों को ग्रेस मार्क्स देने संबंधी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट सहित अनेक राज्यों के हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस परीक्षा को रद्द कर री-नीट की मांग की। याचिका पर सुनवाई के दौरान मामला तब और गंभीर हो गया जब सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कर दिया कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट द्वारा फिर से नीट - यूजी परीक्षा आयोजित करने संबंधी मांग खारिज करने के बाद उन लोगों ने राहत की सांस ली है जिनका इस परीक्षा में चयन कड़ी मेहनत, काबिलियत और लगन की बदौलत हुआ है। अलबत्ता एनटीए केवल नीट-यूजी में कथित धांधली और पेपर लीक मामले में ही आलोचना का शिकार नहीं हो रही है वरन इसी दौरान यूजीसी - नेट परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द करने और नीट -पीजी परीक्षा को मुल्तवी करने जैसे निर्णयों ने भी एजेंसी के कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया है। विचारणीय यह भी है कि अनेक राज्यों के लोक सेवा आयोग और अन्य भर्ती संस्थानों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता भर्ती परीक्षाओं में घोटालों, पेपर लीक, भ्रष्टाचार और भाई- भतीजावाद के कारण संदिग्ध फलस्वरूप छात्रों और युवाओं का भरोसा इन संस्थानों से उठने लगा है। गौरतलब है कि देश में बीते सात सालों के दौरान 15 राज्यों में 70 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं फलस्वरूप 41 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा है। पर्चे फूटने की घटनाओं में नौकरी भर्ती परीक्षाओं के साथ ही बोर्ड परीक्षाएं भी शामिल हैं जिसका असर 1.7 करोड़ अभ्यर्थियों पर पड़ा।घोटालों के इतिहास पर गौर करें तो मध्यप्रदेश का व्यापम घोटाला आज भी लोगों के जेहन में है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाला, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक और हरियाणा में हुई पेपर लीक और घोटालों ने लाखों बेरोजगार युवाओं के काबिलियत और मेहनत पर पानी फेर दिया। अलबत्ता पर्चे फूटने या अन्य वजहों से परीक्षाओं के स्थगित या रद्द करने के बाद दोबारा परीक्षा का आर्थिक और मानसिक बोझ अभ्यर्थियों के साथ ही उनके अभिभावकों पर भी पड़ता है। इसके अलावा पेपर लीक या अन्य अनियमितताओं की वजह से दोबारा परीक्षा आयोजित करने पर सरकारी धन की भी बर्बादी होती है जो अंततोगत्वा आम जनता के जेब का ही पैसा होता है।

गौरतलब है कि देश में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण)अधिनियम 2024 लागू हो चुका है।इस कानून का उद्देश्य संघ लोकसेवा आयोग, राज्य लोकसेवा आयोगों, एनटीए द्वारा ली जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे और बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं में धोखाधड़ी और अनियमितताओं पर रोक लगाना है। इस कानून में दोषियों को अधिकतम दस वर्ष की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।अब देखना यह होगा कि यह कानून भर्ती परीक्षाओं में जारी धांधलियों और अनैतिकता को रोकने में कितना कामयाब हो पाता है? यह सवाल इसलिए क्योंकि देश में हुए विभिन्न भर्ती घोटालों के मामले आज भी अदालतों में तारीख दर तारीख के बीच झूल रहे हैं और घोटालों के लाभार्थी या तो डॉक्टर बन चुके हैं अथवा पिछले दरवाजे से सरकारी नौकरी और तरक्की पा कर सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। बहरहाल केंद्र सरकार द्वारा लागू नए परीक्षा कानून के लिए भी अब अग्निपरीक्षा है कि वह देश लाखों काबिल छात्रों और युवाओं के आकांक्षाओं पर खरा उतरें ताकि परीक्षा संस्थानों की साख सलामत रहे।

## सारा संसार



अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था।

## अध्यात्म
डॉ. विनोद यादव



# आत्मशुद्धि का पर्व चातुर्मास

चातुर्मास आत्मशुद्धि का पर्व एवं संस्कार शुद्धि का सुअवसर है। चातुर्मास शब्द वर्षा के चार महीनों के लिए प्रयुक्त किया जाता है। जैन धर्मशास्त्रों में इसे वर्षावास कहा गया है। वस्तुतः चातुर्मास में बहिर्यात्रा बंद और अंतर्यात्रा शुरू हो जाती है। सनातन संस्कृति एवं जैन धर्म में चातुर्मास यानी चौमासे में आहार-शुद्धि व एकांत तपश्चर्या का विशेष महत्व व माहात्म्य माना गया है। हिंदू वार्षिक पंचांग के अनुसार चातुर्मास आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से प्रारंभ होता है और इसका समापन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रबोधिनी एकादशी को होता है। गौरतलब है कि वर्षायोग के दौरान पर्यावरण, भोजन व जल इत्यादि में हानिकारक बैक्टीरिया की तादाद स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है, तो दूसरी ओर हमारी जठराग्नि मंद पड़ जाती है, इसलिए धार्मिक अनुष्ठान व आध्यात्मिक प्रयोजन के साथ-साथ चातुर्मास में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध-सात्विक भोजन करना अत्यंत लाभकारी है। इन दिनों पुरुषोत्तम मास चल रहा है, धार्मिक परिप्रेक्ष्य में इसे अधिमास भी कहते हैं। हर तीन वर्ष के पश्चात इस मास की आवृत्ति होती है। आध्यात्मिक नजरिए से पुरुषोत्तम मास का विशेष महात्म्य है। गीता में अध्याय पंद्रह पुरुषोत्तम योग पर आधारित है। इस अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने सगुण भक्तियोग की महत्ता और व्रत-उपवास तपश्चर्या का विस्तार से वर्णन किया है। योगेश्वर भक्तियोग का बहुत सुंदर वर्णन करते हुए कहते हैं कि ज्ञान व्यक्ति में मैं-पन यानी कर्ता का भाव भरता है, जबकि सगुण प्रेमाभक्ति मनुष्य को श्रद्धा, आस्था और समर्पण से लबरेज करके मैं-पन अर्थात 'मैं करता हूं' के भाव से मुक्ति प्रदान करती है। ज्ञानी के अंतःकरण में गंगा का प्रवाह सदैव एक सुनिश्चित दिशा में प्रवाहित होता है, जबकि भक्त के भीतर गंगासागर का ज्वार-भाटा आता रहता है। कहने का अभिप्राय है कि भक्ति अभिमान व अहंकार से मुक्त करती है। ज्ञानी कहता है, 'सोहऽम ! मैं सर्वशक्तिमान आत्मा हूं।' जबकि भक्त कहता है, ' हे योगेश्वर, जड़-चेतन में यानी प्रकृति के जर्रे-जर्रे में तुम्हारी चेतना का नूर समाया हुआ है। हे माधव तुम स्वामी हो, मैं सेवक हूं।' मेरे प्रभु ! मैं आपके शरणागत हूं, आपका उपवास करता हूं, असलियत में आध्यात्मिकता के तहत उपवास मात्र भोजन का परित्याग नहीं है, बल्कि उपवास का अर्थ है- निकट वास करना। असल में व्रत-उपवास व एकनिष्ठ होकर मौन-साधना में लीन रहते हुए परमात्मा रूपी गंतव्य को हासिल करना ही चातुर्मास का परम उद्देश्य है। दरअसल, व्रत-उपवास मन की चंचलता को साधते हुए आत्मनिष्ठ होने की वैज्ञानिक पद्धति है। मन की चंचलता क्षीण होते ही साधक को परमात्मा का प्रकाश दिखाई देने लगता है। छान्दोग्य उपनिषद में मन के निर्माण की प्रक्रिया को विधिपूर्वक समझाते हुए कहा गया है कि मनुष्य द्वारा खाया हुआ अन्न तीन भागों में बंट जाता है। अन्न के स्थूल भाग से अपशिष्ट बनकर देह से विसर्जन हो जाता है, अन्न का मध्य भाग रक्त व मांस-मज्जा बन जाता है, और सूक्ष्म भाग से मन का निर्माण होता है। इसलिए कहा भी गया है- जैसा खाओ अन्न, वैसा हो मन। आध्यात्मिक परिप्रेक्ष्य में गौर किया जाए तो भोजन का सर्वाधिक असर हमारे मन पर पड़ता है। अतः चातुर्मास के चार महीनों में व्रत-उपवास व सात्विक-अल्पाहार लेते हुए ध्यान-साधना करने से व्यक्ति जितेंद्रिय और परमात्मा के निकट वास करने के योग्य बन जाता है। दरअसल, चातुर्मास आहार-शुद्धि, जप, तप, ध्यान और धारणा के माध्यम से मनुष्य की सूक्ष्म और स्थूल कर्मेन्द्रियों की शुचिता, आत्म-अनुशासन एवं मानसिक विकारों के विरेचन व शोधन करने का आध्यात्मिक कालखंड है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'


# बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओलंपिक में बना रहे भारत का दबदबा

दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता ओलंपिक खेल 26 जुलाई को पेरिस में शुरू हो गए। इनमें लगभग 206 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों से जुड़े विभिन्न देशों के एथलीट भाग ले रहे हैं। पेरिस की लगभग 35 जगहों पर यह खेल प्रतियोगिता हो रही है। इसमें हमारे देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं और उम्मीद है कि वे शानदार प्रदर्शन कर देश का मान सम्मान बढ़ाएंगे। पिछले ओलंपिक में हमारे देश के होनहार स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने खेल के मैदान में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए बुडापेस्ट में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देश के लिए इतिहास रच दिया था। उस समय हमारे देश के दूसरे खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। 1951 में पहले एशियाई खेलों में भारत ने 51 पदक जीते थे व दूसरे स्थान पर रहा था। *- उमेश पात्रा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### मनु भाकर को शुभकामनाएं



मनु भाकर को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए शुभकामनाएं! शूटिंग में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली 20 वर्षों में पहली महिला के रूप में, मनु नारीशक्ति की अविश्वसनीय शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। हम आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं!
-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### बुद्धिमत्ता को विकसित करें




सीएसआर को केवल कानूनी अनुपालन से ऊपर उठकर हमारी संस्कृति के ताने-बाने में बुना जाना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में, यह जरूरी है कि हम अपनी धरती के भीतर से दयालु बुद्धिमत्ता को विकसित करें।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### लापरवाही की पराकाष्ठा



दिल्ली की एक कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मृत्यु हृदयविदारक है। दिवंगत आत्माओं के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूं। यह लापरवाही की पराकाष्ठा है कि जो बच्चे दूर-दूर से यहां अपने सपने पूरे करने के लिए आते हैं, उनकी जिंदगी भी उनसे छिन रही है।
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### संगीत ध्यान का एक रूप



संगीत ध्यान का एक रूप है। यह भेदभाव नहीं करता बल्कि पूरी दुनिया को एक साथ लाता है। हाल ही में मैंने इस सत्संग रॉक कॉन्सर्ट में भाग लिया और यह एक जबरदस्त अनुभव था।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# हैरिस ने एक सप्ताह में 20 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाया



कमला हैरिस के राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल होने के एक सप्ताह से भी कम समय में उनकी प्रचार टीम ने 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का चंदा जुटा लिया है। यह जानकारी हैरिस की प्रचार टीम ने रविवार को दी। हैरिस की प्रचार टीम ने कहा कि इतने कम समय में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का चंदा जुटा लेना यह दर्शाता है कि हैरिस के पक्ष में समर्थन बढ़ता जा रहा है। प्रचार टीम ने यह भी माना कि राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी और मतों का अंतर काफी कम रहेगा। राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव नहीं लड़ने के 20 जुलाई को ऐलान किये जाने के बाद से अब उपराष्ट्रपति हैरिस, राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार हैं। राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस के प्रचार अभियान के संचार निदेशक माइकल टायलर ने कहा, 'पिछले रविवार को राष्ट्रपति बाइडन के अनुमोदन के बाद से हैरिस की प्रचार टीम ने 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का चंदा जुटाया है जो कि एक रिकॉर्ड है। राशि का 66 प्रतिशत ऐसे लोगों से आया है जिन्होंने पहली बार चंदा दिया है। यह इस बात का एक और सबूत है कि हैरिस के लिए समर्थन मजबूत होता जा रहा है।'

## ऑफ बीट

# एडीएचडी मस्तिष्क शरीर के अंगों को प्रभावित कर रहा



एडीएचडी से प्रभावित मस्तिष्क में वायरिंग कैसे भिन्न होती है और किस तरह से कार्यप्रणाली में सुधार होता है, यह समझना उन लोगों की मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपने मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण संघर्ष कर रहे हैं। शोध में एडीएचडी से प्रभावित मस्तिष्क के काम करने के तरीके में कई अंतर की पहचान की गई है। सरल शब्दों में कहें, तो एडीएचडी कार्यप्रणाली को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। कार्यकारी कार्यप्रणाली संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का एक समूह है, जिसमें नियोजन, प्राथमिकता निर्धारण, आवेग नियंत्रण, लचीलापन, समय प्रबंधन और भावनात्मक विनियमन शामिल हैं, जो लोगों को दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करने में मदद करते हैं। ये प्रक्रियाएं मस्तिष्क के प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स 'व्यक्तित्व केंद्र' में होती हैं। प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स के अलावा, एडीएचडी मस्तिष्क के अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित करता है, जिसमें बेसल गैनग्लिया, मस्तिष्क के भीतर संचार को नियंत्रित करने वाला क्षेत्र और सेरिबैलम शामिल है, जो गति और संतुलन के लिए जिम्मेदार है। तीनों मिलकर ध्यान, कार्यकारी कार्य मोटर गतिविधि और आवेग नियंत्रण को नियंत्रित करते हैं। न्यूरोट्रांसमीटर नामक रासायनिक संदेशवाहक मस्तिष्क कोशिकाओं को एक दूसरे के साथ संवाद करने की अनुमति देते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




# करण जौहर ने वॉर फिल्मों से की तौबा

**मुंबई।** करण जौहर आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच पेश करेंगे। वह अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ भी एक फिल्म करने वाले थे। 'दोस्ताना 2' को लेकर उनके बीच विवाद हो गया था। इसके बाद खबर आई कि उनकी सुलह हो गई है और करण फिर कार्तिक के साथ काम करने वाले हैं। हालांकि, अब खबर आ रही है कि करण ने न सिर्फ कार्तिक, बल्कि सलमान खान अभिनीत फिल्म को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। करण ने संदीप मोदी के निर्देशन में बनने जा रही कार्तिक अभिनीत वॉर फिल्म को रोक दिया है। इसकी वजह यह है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति से सराबोर फिल्मों की भरमार है।

लाइफ Style

# तृप्ति अब करेंगी हॉलीवुड का रुख



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता के रथ पर सवार हैं। अब खबर है कि तृप्ति हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं। खुद उन्होंने यह खुलासा किया है। तृप्ति ने जब से रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'एनिमल' में काम किया है, उनकी किस्मत को पंख लग गए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'बैड न्यूज' भी बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हालिया इंटरव्यू में तृप्ति ने कहा, मैं हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की योजना बना रही हूं। अगर मुझे वहां कोई छोटा सा किरदार भी मिलता है तो वो भी मेरे लिए मददगार साबित होगा, क्योंकि मुझे हॉलीवुड में कलाकारों के काम करने का तरीका पसंद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृप्ति फिलहाल एक एजेंट की तलाश में है, जो हॉलीवुड में उनका प्रतिनिधित्व करे, जिससे उन्हें वहां काम मिलने में आसानी हो। इससे पहले तृप्ति ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा को अपनी प्रेरणा बताया था। उन्होंने कहा था, बॉलीवुड में प्रियंका मेरी आदर्श हैं। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। उन्होंने कहा था, अपने देश को छोड़ कर दूसरे देश में जाना बड़ी बात है और उन्होंने तो दूसरे देश में जाकर फिर से अपने करियर की नई शुरुआत की है। मुझे प्रियंका बेहद हिम्मती इंसान लगती हैं। तृप्ति जल्द ही धनुष के साथ निर्देशक आनंद राय की अगली फिल्म में रोमांस करती दिखेंगी। वह कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'भूल भुलैया 3' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# रॉबर्ट डाउनी की फिर वापसी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर मल्टीवर्स में खलनायक की भूमिका से वापसी कर रहे हैं। वह एवेंजर्सः डूम्सडे' से विक्टर वॉन डूम के रूप में लौट रहे है। इस खबर ने उनके फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। कैविन फैगी ने रॉबर्ट डाउनी जूनियर के डॉक्टर डूम के तौर पर वापसी करने का एलान सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2024 में किया है। एमसीयू में आयरन मैन की भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता इस खबर के बाद फिर से सुर्खियों में आ गए हैं।



# पेरिस को बताया दुनिया का जादुई शहर...

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर अमेरिकन गायिका लेडी गागा ने हाल ही में, पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति दी। उनकी इस परफॉर्मेंस की दुनियाभर में चर्चा हुई। हालांकि, उनकी इस प्रस्तुति के दौरान सामने आई तकनीकी खामियों के चलते कुछ लोगों द्वारा आलोचना भी की गई। इसी बीच, अब लेडी गागा ने अपनी ओर से बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने पेरिस ओलंपिक में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर काफी कुछ साझा किया। लेडी गागा ने क्या कुछ कहा इसे जानने से पहले उनकी प्रस्तुति की आलोचना का कारण जान लेते हैं। दरअसल, कुछ लोगों ने यह शिकायत की थी कि जब लेडी गागा गा रही थी तो उस वक्त कुछ तकनीकी समस्या के कारण उनकी आवाज सही से सुनाई नहीं दे रही थी।




# 'कांतारा-2' का बजट अब दोगुना...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' साल 2022 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई कीर्तिमान स्थापित किए थे और फिल्म को लोगों ने ऑस्कर तक का दावेदार बता दिया था। 'कांतारा' की सफलता के बाद ऋषभ ने 'कांतारा' के प्रीक्वल 'कांतारा ए लीजेंडः चैप्टर 1'की घोषणा की थी, जिससे उनकी पहली झलक भी सामने आ गई है। अब फिल्म की रिलीज को लेकर चर्चा है कि होम्बले फिल्म्स और ऋषभ का लक्ष्य 2025 की गर्मियों में 'कांतारा 2' को बड़े पर्दे पर लाना है। कहा जा रहा है कि पहला भाग 16 करोड़ में बना था तो दूसरे के बजट दोगुना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'कांतारा ए लीजेंडः चैप्टर 1' की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।



# रणवीर ने किया नई फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि ब्लॉकबस्टर फिल्म 'उरी' के निर्देशक आदित्य धर बतौर निर्देशक दूसरी फिल्म लेकर आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म से जुड़ीं तमाम जानकारियां सामने आई थीं। यह वही फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह और संजय दत्त समेत कई कलाकार पर्दे पर साथ नजर आएंगे। अब आखिरकार इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो गई है। निर्देशक समेत फिल्म के सभी कलाकारों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। हालांकि इस फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है। इसमें रणवीर के साथ पहली बार पर्दे पर आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और जियो स्टूडियो इसके प्रोडक्शन की कमान संभाल रहा है।

## टीवी मसाला

# कुश शाह यानि गोली ने छोड़ा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोटे पर्दे का सबसे लोकप्रिय और सबसे लंबे समय तक चलने वाले धारावाहिकों में से एक है। हालांकि, पिछले कई साल से कुछ कलाकार लगातार शो को छोड़कर जा रहे हैं। अब 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में गोली की भूमिका निभाकर घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता कुश शाह ने यह शो छोड़ दिया है। वह पिछले 17 साल से गोली का किरदार निभाकर दर्शकों का मनोरंजन कर रहे थे। कुश ने कहा, जब ये शो शुरू हुआ था, जब आप और मैं पहली बार मिले थे, मैं बहुत छोटा था। तब से आपने मुझे बहुत प्यार दिया है और इस परिवार ने मुझे उतना ही प्यार दिया है जितना आपने मुझे दिया है। मैंने यहां बहुत सारी यादें बनाई हैं। मैंने अपना बचपन यहां बिताया है। मैं निर्माता असित कुमार मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने मुझ पर इतना भरोसा किया। मैं आज कुश गोली बन गया। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की लोकप्रियता की किसी से छिपी नहीं है। यह शो पिछले कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हालांकि, पिछले काफी समय से 'दयाबेन' का किरदार निभाने वालीं अभिनेत्री दिशा वकानी की गैरमौजूदगी को लेकर दर्शक निराश हैं।



# 'बंदा' और 'भैया जी' की टीम फिर आई साथ...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी को आखिरी बार फिल्म 'भैया जी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। यह फिल्म 26 जुलाई जी5 पर रिलीज हो गई है। अब मनोज की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसके लिए 'बंदा' और 'भैया जी' की टीम एक बार फिर से साथ आई है।मनोज की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म के निर्देशन की कमान अपूर्व सिंह कार्की ने संभाली है, वहीं मनोज की पत्नी शबाना रजा बाजपेयी इस फिल्म का निर्माण विक्रम खाखर के साथ मिलकर कर रही हैं। मनोज की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म की घोषणा शबाना के जन्मदिन पर की गई है। इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म के शीर्षक से अभी पर्दा नहीं उठा है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।



# ओलंपिक एथलीट से अभिनेता बने थे प्रवीण कुमार सोबती

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक का आगाज हो गया है, जिसमें 208 देशों के 10,714 एथलीटों कुल 5,084 पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। इस बार भारत ने 110 से अधिक खिलाड़ियों का दल खेलों में हिस्सा लेने के लिए भेजा गया है। आइए इस खास मौके पर हम आपको एथलीट प्रवीण कुमार सोबती के बारे में बताते हैं, जिन्होंने पहले ओलिंपिक में भाग लिया और बाद में अभिनेता बन गए।

***प्रवीण ने हासिल की ये उपलब्धियां :*** प्रवीण का जन्म 6 दिसंबर, 1947 को हुआ था। उनकी शुरू से ही खेल में रुचि थी। प्रवीण 60 और 70 के दशक में भारत के मशहूर एथलीट में से एक थे। उन्होंने 1966 और 1970 के एशियाई खेलों में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता था। वे 1966 के राष्ट्रमंडल खेलों और 1974 के एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता थे। उन्होंने 1968 और 1972 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भी भाग लिया था। हालांकि, पदक नहीं जीत पाए।



### दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ निधन

प्रवीण का जन्म पंजाब के अमृतसर के पास सरहली गांव में हुआ था। 7 फरवरी, 2022 को दिल्ली में इस बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व का 74 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया था।

### ऐसा रहा प्रवीण का फिल्मी सफर

खेलों से विदाई लेने के बाद प्रवीण ने अभिनय की तरफ रुख किया। उन्होंने जितेंद्र और परवीन बॉबी की फिल्म 'रक्षा' (1982) से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने 'हमसे है जमाना', 'युद्ध', 'लोहा', 'शहनशाह', 'मिट्टी और सोना', 'आज का आर्जुन', 'जान' और 'अजय' सहित बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि, प्रवीण को पहचान मशहूर पौराणिक धारावाहिक 'महाभारत' से मिली। उन्होंने 1988 में इस शो में भीम का किरदार किया था।




# ओलंपिक में फतह हासिल करने वाले खिलाड़ियों पर बनी हैं बॉलीवुड फिल्में

***मुंबई।*** *पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज 26 जुलाई से हो गया। हर बार की तरह इस बार भी भारतीय एथलीटों से देश को काफी उम्मीद है। उधर एथलीटों की निगाहें हमेशा की तरह अपने-अपने देश के लिए पदक जीतने पर होंगी। इसी कड़ी में आज हम आपको उन हिंदी फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं, जो एथलीटों की प्रेरणादायी कहानी पर्दे पर लाती हैं या जो खेलों में फतह हासिल करने वाले खिलाड़ियों पर बनी हैं।*

### 'चंदू चैंपियन'



शुरुआत 'चंदू चैंपियन' से ही करते हैं, क्योंकि खिलाड़ियों के जीवन पर बनी इस फिल्म की रिलीज को अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर यह फिल्म आधारित है, जिसे दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, फिल्म से कहीं ज्यादा लोगों को इसमें कार्तिक आर्यन के काम ने प्रभावित किया। पेटकर ने 1972 के पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### 'मैरी कॉम'



साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मैरी कॉम' में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म की कहानी भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम की है। इसका निर्देशन ओमंग कुमार ने किया था। मैरी कॉम के सफर को प्रियंका ने बखूबी पर्दे पर उतारा था। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म उपलब्ध है। साल 2012 में मैरी कॉम ने लंदन में हुए ओलंपिक्स में मुक्केबाजी में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

### 'मैदान'




अजय देवगन की पिछली फिल्म 'मैदान' को भले ही सिनेमाघरों में उतने दर्शक नसीब नहीं हुए, लेकिन इसकी कहानी किसी में भी जोश भर दे। यह कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की है, जिन्होंने कैंसर से जूझते हुए देश को एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक दिलाया था। हालांकि, वे ओलंपिक में टीम को पदक नहीं दिला सके और 1956 के ओलंपिक में टीम चौथे स्थान पर रही थी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### 'भाग मिल्खा भाग'




2013 में आई फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' भारत के महान धावन मिल्खा सिंह की जिंदगी पर बनी है। इसमें फरहान अख्तर नजर आए थे। मिल्खा भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में पहले स्वर्ण पदक विजेता भी थे। एशियाई खेलों में उन्होंने 4 बार स्वर्ण पदक भी जीता था। हालांकि, वे भी ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाए और 1960 के ओलंपिक खेलों में 400 मीटर दौड़ में चौथे स्थान पर रहे थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म मौजूद है।



## जैकेट के शेष

### पदक की बोहनी...मनु ....

उम्मीद जगाई। मनु का टोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था 'टोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा। सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं।' भगवद गीता में कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि 'तुम अपने कर्म पर ध्यान दो, कर्म के परिणाम पर नहीं।' बस यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी।' लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है।

### कुसमुंडा खदान में ....

बस्तर के सुकमा, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर जिले में भी भारी बारिश होने से नदी-तालाब लबालब हो चुके हैं। अनुमान है कि सोमवार को मानसून की गतिविधि प्रदेश में सामान्य रहेगी। उसके बाद मंगलवार को बारिश में और इजाफा होगा।

### सीएम साय ने ....

की बैठक के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की प्रमुख योजनाओं, आम लोगों का शासन के प्रति फीडबैक और राजनीतिक घटनाक्रमों पर विस्तृत जानकारी दी, जिसमें छत्तीसगढ़ द्वारा अपनाई गई तकनीकों और रणनीतियों की विशेष जानकारी शामिल थी।

### योजनाओं की ....

अपनी रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की रणनीतियों की प्रभावशीलता का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया, राज्य ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया है, जिससे योजनाओं की सफलता में वृद्धि हुई है और स्थानीय लोगों का शासन पर विश्वास भी बढ़ा है। बैठक में छत्तीसगढ़ की योजनाओं की सराहना की गई और अन्य भाजपा शासित राज्यों को छत्तीसगढ़ की रणनीतियों और तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई। मुख्यमंत्री ने बताया, छत्तीसगढ़ ने गांव-गांव और घर-घर तक अपनी योजनाओं को विभिन्न माध्यमों से पहुंचाया, जिसमें प्रचार तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रभावी मॉडल की जानकारी देने पर छत्तीसगढ़ की सराहना की गई।

### नक्सलवाद और

श्री साय ने राज्य की महत्वपूर्ण महतारी वंदन योजना की जानकारी दी, जिसके तहत राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रही नियद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) योजना के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, इस योजना का उद्देश्य माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और स्थायित्व लाना है। इसके तहत नए स्थापित कैम्पों के आसपास के 5 गांवों को राज्य के 17 विभागों की 53 कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है, जिससे इन गांवों में मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### हरिचंदन की आज ...

1980 से वे राजनीति में सक्रिय हैं। वे 2 बार बीजेपी के टिकट पर सांसद बन चुके हैं। 2009 में वे पहली बार असम की मंगलदोई सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद 2014 में वे दोबारा सांसद बने। श्री डेका लोकसभा में अध्यक्षों के पैनल के सदस्य भी रहे। वे परामर्श समिति के सदस्य, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे। साथ ही वे विदेश मंत्रालय के सदस्य भी रहे। 2006 में वे असम बीजेपी के अध्यक्ष बने थे। वे राष्ट्रीय स्तर पर भी वे कई बड़ी जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। राजनीति के साथ-साथ वे सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में भी रुचि रखते हैं।

### समलिंगी समुदाय को ...

बी या सी संक्रमण फैलाने का अधिक खतरा रहता है। वहीं समलिंगी समुदाय व ट्रांसजेंडर ने इसे संविधान का उल्लंघन बताते हुए रक्तदान करने की अनुमति देने की मांग की है।

### केदारनाथ में सोना ....

एक साथ 36, 32 और 27 हो गया।

**कांग्रेस के पास तथ्य व सबूत नहीं : अजेंद्र अजय :** आज हम केदारनाथ मंदिर में सोने का इस्तेमाल करने वाले जौहरी का टैक्स इनवॉयस जारी कर रहे हैं, जिसमें पूरा ब्योरा दिया गया है कि वहां कितना सोना और तांबा इस्तेमाल हुआ।

### पारद से निर्मित...

के साथ पातालेश्वर महादेव, भू-लोक में मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के साथ दसमहाविद्या विराजमान है। वहीं आकाश लोक में भगवान भोलेनाथ के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों की स्थापना की गई है। सावन माह में इस द्वादश ज्योतिर्लिंगों की एक साथ पूजा करने का अवसर मिलने से यहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। सावन माह की शुरुआत होते ही सुबह से ही बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधि-विधान से जल, दूध, दही, शहद से अभिषेक कर बेल पत्री चढ़ाकर द्वादश ज्योतिर्लिंगों की पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कहा कि सावन माह में उन्हें एक जगह ही सभी ज्योतिर्लिंगों की पूजा करने का अवसर मिल रहा है। जिससे काफी सुखद अनुभूति हो रही है।

**पड़ोसी राज्यों से भी आते हैं श्रद्धालु :** सावन माह में मां पाताल भैरवी मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए राजनांदगांव के अलावा छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई जिलों और महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मंदिर समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि यहां दूर-दूर से श्रद्धालु सावन माह में द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को यहां पातालेश्वर महादेव और पारदेश्वर महादेव के दर्शन का सौभाग्य भी मिलता है।

**पारा शिवलिंग का विशेष महत्त्व :** मां पाताल भैरवी मंदिर में पारे से निर्मित पारदेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना की गई है। संभवतः यह प्रदेश का एकमात्र शिवलिंग है, जो 151 किलो वजनी है। पारद से निर्मित शिवलिंग धार्मिक मान्यता में काफी महत्व रखता है। इस शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही क्लेश दूर होता है, संकटों का निवारण होता है और घर में सुख, शांति, समृद्धि के साथ ही उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पारद के शिवलिंग से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

### वनवास के समय ....

पहुंचे थे। रात्रि विश्राम के पश्चात महानदी में स्नान किए और महानदी किनारे शिवलिंग की स्थापना कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद भगवान उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान कर राजिम पहुंचे। शास्त्रों के मुताबिक चित्रकूट से निकलकर भगवान राम दण्डकारण्य वन पहुंचे। उस समय उड़ीसा- छग की सीमा दण्डकारण्य कहलाती थी। यहां काफी घनघोर जंगल था। महानदी किनारे भगवान राम ने वनवास काल का अधिकतर समय बिताए थे।

वर्तमान में महादेव का मंदिर काफी पुराना है। स्थापत्य की दृष्टि से देखा जाए तो यह मुगलकालीन मंदिर है, जिसकी देखरेख धमतरी के जाधव परिवार द्वारा की जा रही है। मंदिर की देखरेख करने वाले विनोद जाधव, आलोक जाधव ने बताया कि मंदिर लगभग 500 साल पुराना है। इससे पहले मंदिर छोटा था, जिसका जाधव परिवार ने नवनिर्माण कराया और देखरेख की जिम्मेदारी ली। मंदिर प्रांगण में श्रीराम की चरण पादुका रखी गई है, जो राम वनगमन पथ की निशानी है। साथ ही भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान की प्रतिमा स्थापित है। यहां वर्षों से धुनी जल रही है जो आज तक नहीं बुझी है। मंदिर के साइड में मां दुर्गा की प्रतिमा है।

### मनोकामना होती ....

से हो रहा है। श्रावण माह में हर सोमवार को हजारों कांवरिये शिवलिंग में जल चढ़ाने आते हैं तथा पवित्र महानदी की धारा से जल लेकर विभिन्न मंदिरों में जल चढ़ाते हैं। यहां पहुंचने वाले भक्तों की मनोकामना भोलेनाथ जरूर पूरी करते हैं।

## पेज एक के शेष

### गायब हो रहा...

तालाब में अतिक्रमण के चलते तालाब का अस्तित्व खत्म हो रहा है। तालाब में बेतरतीब कब्जे हुए हैं। शासन के रिकार्ड में 19 एकड़ में यह तालाब फैला हुआ है। यहां हुए अतिक्रमण और पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते देवरनीन तालाब का अस्तित्व समाप्त हो चुका है।

### आधा रह गया नया...

तालाब का पानी दुषित हो चुका है। जिसके चलते नगरवासियों संहित ग्राम पंचायत आमदी (म) के लोगों को निस्तारी के लिए परेशानी का सामना करते आ रहे हैं। नया तालाब नगर पालिका और ग्राम पंचायत आमदी (म) के अधीन है, जिसका 4.05 हेक्टेयर आमदी (म) तथा 2.16 हेक्टेयर नगर पालिका में है, कुल 6.21 हेक्टेयर में यह तालाब फैला है।

### माफी से काम नहीं...

की सीजेएम विवीजा सेतुमोहन की अदालत में प्रवेश किया और वकीलों के साथ उनके कथित आचरण और उनमें से एक के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज करने का विरोध करने के लिए उनके खिलाफ नारे लगाए। घटना की रिपोर्ट मिलने के बाद, केरल उच्च न्यायालय ने दोषी वकीलों को अवमानना नोटिस जारी किए थे।

## हरिद्वार में भक्तों का रेला...



हरिद्वार। रविवार को कांवड़िये (भगवान शिव के भक्त) पवित्र श्रावण माह में अपनी तीर्थयात्रा के दौरान हरिद्वार के हर की पौड़ी घाट पर गंगा नदी से पवित्र जल लेने के लिए एकत्रित हुए हैं।

# दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट सिंगापुर का, भारत की 82वीं रैंकिंग

*अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के डेटा पर आधारित है यह रैंकिंग*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की नई लिस्ट जारी हो गई है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने साल 2024 की रैंकिंग जारी की है। इसमें टॉप पर सिंगापुर है। यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएआईए) के डेटा पर आधारित है। इस आधार पर भारत की रैंकिंग काफी कमजोर है। इतनी कि भारत देश को सेनेगल और ताजिकिस्तान जैसे देशों के बराबर रखा गया है। पाकिस्तान की हालत और खराब है। टॉप देशों की बात करें तो सिंगापुर के बाद फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान स्पेन जैसे देश हैं। छठे नंबर पर कनाडा और सातवें नंबर पर अमेरिका है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक, भारत की 82वीं रैंकिंग है। भारतीय पासपोर्ट 58 देशों को बिना वीजा एंट्री की अनुमति है। जबकि, नंबर वन देश सिंगापुर में 195 देशों के लिए बिना वीजा एंट्री है। वहीं, दूसरे नंबर पर जापान, फ्रांस, इटली, जर्मनी और स्पेन संयुक्त रूप से हैं। इन देशों में 192 देशों तक बिना वीजा फेसिलिटी है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रिया, फ़िनलैंड, आयरलैंड, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन सभी के पास 191 गंतव्यों तक वीज़ा-मुक्त पहुंच है।

### भारत और पाकिस्तान किस नंबर पर

सूची में भारत का पासपोर्ट 82वें स्थान पर है। भारतीयों के लिए 58 देशों में बिना वीजा जाने की अनुमति है, इसमें इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड जैसे देश शामिल हैं। भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान 100वें स्थान पर है, जिसके पासपोर्ट धारकों को 33 देशों तक बिना वीजा फेसिलिटी है। सूची में सबसे नीचे अफगानिस्तान है, जहां महज 26 देशों तक बिना वीजा पहुंचा जा सकता है।

### ये हैं टॉप 10 देश

- सिंगापुर (195 देश)
- फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, स्पेन (192)
- ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्वीडन (191)
- बेल्जियम, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, यूनाइटेड किंगडम (190)
- ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल (189)
- ग्रीस, पोलैंड (188)
- कनाडा, चेकिया, हंगरी, माल्टा (187)
- संयुक्त राज्य अमेरिका (186)
- एस्टोनिया, लिथुआनिया, संयुक्त अरब अमीरात (185)
- आइसलैंड, लातविया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया (184)

# बांग्लादेश में 10 दिनों के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में 10 दिनों के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बहाल कर दिया गया। हाल ही में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर देशव्यापी हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके मद्देनजर अफवाहों को फैलने से रोकने के मकसद से मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाई गई थी। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान घोषणा की कि मोबाइल इंटरनेट संपर्क बहाल होने के बाद तीन दिनों तक सभी उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) को 5GB इंटरनेट डाटा मुफ्त दिया जाएगा। मोबाइल इंटरनेट सेवा स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे बहाल कर दी गई। खबर में कहा गया है कि ढाका में रॉबी, ग्रामीण फोन, बांग्लालिंक और अन्य ऑपरेटरों के यूजर्स ने दोपहर तीन बजे के आसपास अपने यूजर्स से कहा कि वे अपने मोबाइल फोन के जरिए इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **हिंसक प्रदर्शनों के बीच अफवाहें रोकने के लिए उठाया गया था कदम**

## कांग्रेस का तीखा तंज

# यूक्रेन यात्रा से पहले या बाद में मणिपुर जाएंगे पीएम मोदी?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित यूक्रेन यात्रा को लेकर विपक्षी ने उन पर निशाना साधा है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को पूछा कि क्या प्रधानमंत्री यूरोपीय राष्ट्र यूक्रेन की अपनी यात्रा से पहले या बाद में जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर का दौरा करेंगे।'

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मणिपुर के मुख्यमंत्री नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में भाग लेते हैं, जिसकी अध्यक्षता स्वयंभू गैर-जैविक प्रधानमंत्री करते हैं। फिर मणिपुर के मुख्यमंत्री उसी देवता की अध्यक्षता में भाजपा के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक में भाग लेते हैं। उन्होंने आगे लिखा, "मणिपुर के लोग जो सरल प्रश्न पूछ रहे हैं वह यह है: क्या एन. बीरेन सिंह ने नरेंद्र मोदी से अलग-अलग मुलाकात की और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की?

- **मैतेई, कुकी समुदायों के बीच संघर्ष**

## राशिफल

**मेष:** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या:** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला:** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर:** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ:** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## घुटनों पर आए चीन परस्त मुइज्जू

# भारत के दिए डोर्नियर हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करने लगा मालदीव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालदीव ने भारत की तरफ से दिए गए डोर्नियर विमान और हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल इमरजेंसी चिकित्सा सेवाओं के लिए फिर से शुरू कर दिया है। मालदीव की मीडिया में इस तरह की खबरों को प्रकाशित किया, बताया जा रहा है कि पूर्व में इन विमानों का संचालन कर रहे भारतीय सैनिकों की वापसी के बाद यह कदम उठाया गया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इमरजेंसी चिकित्सा सेवाओं को फिर से शुरू करने में सक्षम बनाने के लिए भारत को धन्यवाद दिया है। मालदीव के समाचार पोर्टल एडिशन एमवी के मुताबिक, मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल ने स्थानीय मीडिया को बताया कि डोर्नियर विमान और हेलिकॉप्टर की मदद से एक बार फिर इमरजेंसी चिकित्सा सेवाओं को शुरू किया गया है। खबर में बताया गया है कि इस बार इमरजेंसी सेवा को भारतीय असैन्य दल संचालित कर रहे हैं। डोर्नियर विमान और हेलिकॉप्टरों का संचालने पहले भारतीय सैन्यकर्मी करते थे।




## हरियाणा में आप का चुनावी अभियान शुरू

# केजरीवाल से जलते हैं मोदी इसलिए जेल में डाल दिया

एजेंसी ▶▶ सांपला



हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने चुनाव अभियान का आगाज कर दिया है। रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सांपला में रैली की और दिल्ली पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनवाने की अपील की। उन्होंने इस दौरान पति की गिरफ्तारी को लेकर मोदी सरकार पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल से जलते हैं और इसलिए जेल में डाल दिया। सुनीता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश की राजनीति में भूचाल ला दिया। उन्होंने ऐसे काम किए जो कई पुरानी पार्टियां और बड़े-बड़े नेता नहीं कर पाए। ऐसे काम किए जिसकी वजह से पूरी दुनिया में उनका नाम हुआ। दिल्ली और पंजाब में उन्होंने सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। गरीबों के बच्चों का भविष्य अच्छा कर दिया।

### बीजेपी से बदला लेने की अपील

सुनीता केजरीवाल ने खुद को हरियाणा की बहू बताते हुए केजरीवाल को जेल में डालने का बदला बीजेपी से लेने की अपील की। उन्होंने जनता से यह भी कहा कि जिस तरह 2014 में गुजरात ने सभी सीटें मोदी को दीं उसी तरह हरियाणा को भी केजरीवाल को जितवाना चाहिए। सुनीता ने कहा, 'वो कहते हैं केजरीवाल चोर है। मैं कहती हूं मोदी जी, यदि केजरीवाल चोर है तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। मोदी जी ने आपके बेटे को जेल में डाला है। मोदी जी ने हरियाणा को ललकारा है, जाओ मैंने आपके बेटे को जेल में डाल दिया है, जिसको जो करना है कर लो। आज मैं हरियाणा की बहू आपसे पूछती हूं, क्या आप ये सब चुपचाप सहेंगे, क्या आप यह अपमान बर्दाश्त करेंगे।

## कानपुर में भाजपा विधायक ने अफसर को दी चेतावनी

# नोटिस को फाड़कर फेंक दो बुलडोजर यहीं नहर में घुसेड़ देंगे

एजेंसी ▶▶ कानपुर




उत्तर प्रदेश के कानपुर में शासन की ओर से अवैध बस्ती को खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। इस बारे में जब भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेंद्र मैथानी को पता लगा तो उन्होंने बस्ती में पहुंचकर लोगों से बात की और अधिकारी की जमकर फटकार लगा दी। इसी के साथ घरों पर लगे नोटिस फाड़ दिए। विधायक ने अधिकारी से कहा कि अगर इधर बस्ती में बुलडोजर आया तो बुलडोजर और जो साथ में आएगा, उसे यहीं नहर में घुसेड़ देंगे।

बीजेपी विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बस्ती में जाकर लोगों के बीच खड़े होकर कॉल किया और कहा कि यहां पर तुमने पूरी बस्ती में नोटिस लगा दिया। यहां पर तुमने अगर आगे कोई कदम उठाया, कोई यहां अगर बुलडोजर आया तो तुम्हारा और तुम्हारी कंपनी का और तुम्हारे बुलडोजर तीनों का मैं स्वागत करूंगा। जब तुम मुझसे निपट लेना, तब बस्ती में आना। ठीक है। ये गंदा काम बंद कर दो।

### यहां आओगे तो दो-दो हाथ हमसे करना

विधायक ने आगे कहा कि यहां आओगे तो दो-दो हाथ हमसे करना। हिंदी में समझ लो. मैं बार-बार कह रहा हूं कि मेरी आवाज को टेप कर लो. यहां घुस न जाए कोई। ये हरकत न कर दे जरा भी। वरना मैं उत्तर प्रदेश के सदन में होऊंगा तो सदन भी छोड़कर यहां खड़ा हो जाऊंगा। ध्यान रखना। बता देना अपने चीफ को कि यहां गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। यहां लोग पीढ़ियों से बसे हैं। यहां नोटिस लगाने से पहले अपनी बात हमें बतानी चाहिए थी। सभी नोटिस को कैंसल कर दो। सब फाड़ के फिंकवा दे रहा हूं। मेरे विधानसभा क्षेत्र में किसी भी जगह पर छू न लेना।

## शब्द पहेली - 5586



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5585 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | य | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकू नवताल- 5597

✱ ✩ ✩ ✩ ✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5596 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# टाटा ग्रुप ने हासिल किया 400 अरब डॉलर का मार्केट कैप, अंबानी-अदाणी छूटे पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ नमक से लेकर साफ्टवेयर तक बनाता है समूह

देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित कारोबारी समूहों में शामिल टाटा ग्रुप ने एक ऐसा कीर्तिमान हासिल कर लिया है, जो अभी तक देश के हर बिजनेस ग्रुप का सपना रहा है।

नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बनाने वाले टाटा ग्रुप ने 400 अरब डॉलर का मार्केट कैप हासिल कर लिया है। वह इस आंकड़े को छूने वाला भारत का पहला बिजनेस ग्रुप बन चुका है। देश के मशहूर अंबानी ग्रुप और अदाणी ग्रुप भी इस आंकड़े को अभी तक नहीं छू पाए हैं। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाला रिलायंस ग्रुप 277 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ दूसरे स्थान पर है। 206 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ अदाणी ग्रुप तीसरे स्थान पर है। भारत के इन तीन बड़े कारोबारी समूहों का मार्केट कैप 884 अरब डॉलर है। टाटा ग्रुप की 26 लिस्टेड कंपनियों ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 अरब डॉलर का मार्केट कैप बढ़ाया है।

## यह आंकड़ा छूने वाला देश का पहला बिजनेस ग्रुप बना

### टाटा मोटर्स, टाइटन और टाटा स्टील बने टॉप परफॉर्मर

टीसीएस के बाद टाटा ग्रुप की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही है। सिर्फ तीन कारोबारी सत्रों में ही ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर 12 फीसदी उछल चुके हैं। नोमुरा के अनुसार, जगुआर लैंड रोवर के दम पर टाटा मोटर्स के प्रॉफिट में और इजाफा होगा। टाटा ग्रुप को टाइटन और टाटा स्टील जैसी कंपनियों से भी फायदा पहुंचा है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, टाटा ग्रुप के मार्केट कैप में इन चार कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग 75 फीसदी है।



### रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा टीसीएस

टीसीएस का शेयर 4,422.45 रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। टीसीएस का यह प्रदर्शन फाइनेंशियल सर्विसेज, टेक्नोलॉजी, मीडिया और टेलीकॉम सेक्टर के दम पर रहा है। जेपी मॉर्गन के अनुसार, टीसीएस के रेवेन्यू ने तिमाही के अंत में रफ्तार पकड़ी है। जेपी मॉर्गन ने टीसीएस पर ओवरवेट रेटिंग दी है। साथ ही उम्मीद जताई है कि यह 4,600 रुपए की कीमत पर पहुंच सकता है। जेपी मॉर्गन ने कहा कि हम वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान रेवेन्यू में 1 से 2 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद करते हैं।

### सबसे ज्यादा फायदा टीसीएस से

जून से लेकर अब तक टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 15.4 फीसदी बढ़ गया है। शुक्रवार को मार्केट बंद होने पर यह लगभग 401 अरब डॉलर (33.6 लाख करोड़ रुपए) हो गया है। ग्लोबल आर्थिक सुस्ती के बावजूद टाटा ग्रुप ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया है। टाटा ग्रुप के मार्केट कैप को सबसे ज्यादा फायदा आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज से हुआ है। टाटा ग्रुप के कुल मार्केट कैप में इसकी हिस्सेदारी लगभग 47 फीसदी है। टीसीएस की मार्केट वैल्यू 190 अरब डॉलर हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### आईटीसी भविष्य के उद्यम के लिए करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा कि उनका समूह मध्यम अवधि में संरचनात्मक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और भविष्य के लिए एक उद्यम बनाने पर 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। 'भारत में हमारा अटूट विश्वास है और यह मध्यम अवधि में कंपनी के 20,000 करोड़ रुपये के निवेश परिव्यय में परिलक्षित होता है।'

### बीते सप्ताह मूंगफली में सुधार, तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** आम बजट से पहले देश में सूरजमुखी तेल सहित बाकी खाद्य तेलों का जरूरत से कहीं अधिक आयात होने की वजह से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट रही। वहीं आपूर्ति की कमी के बीच उच्च आयवर्ग के उपभोक्ताओं की मांग निकलने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।

### एनएफआईआर के लिए आएगा विधेयक



**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) की स्थापना के लिए विधेयक अंतिम चरण में है और इसे संसद के अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। बजट के बाद दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने बताया, 'यह अंतिम चरण में है। यह अंतर-मंत्रालयी परामर्श के अंतिम चरण में है।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एलआईसी रही



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,186.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और इन्फोसिस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 728.07 अंक या 0.90 प्रतिशत चढ़ गया।

### तीन महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द



**नई दिल्ली।** सरकार ने खानों की बिक्री के तीसरे चरण के तहत तीन महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द कर दी है। इनमें एक जम्मू-कश्मीर की लिथियम खान भी शामिल है। बोलीकर्ताओं की संख्या निर्धारित से कम होने की वजह से सरकार ने नीलामी रद्द की है। महत्वपूर्ण खनिजों के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए करने जा रही है।

### स्टैंडर्ड ग्लास का आईपीओ लाने दस्तावेज दाखिल

Standard Glass
Customer Inspired Excellence

**नई दिल्ली।** औषधि तथा रसायन क्षेत्र के लिए विशेष इंजीनियरिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, तेलंगाना स्थित कंपनी का आईपीओ 250 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और 1.84 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा।

## बिड़ला समूह तमिलनाडु में अपनी उपस्थिति बढ़ाने करेगी निवेश

# अल्ट्राटेक 3,954 करोड़ रुपए में इंडिया सीमेंट में 32.72 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक 3,954 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड में 32.72 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी। अल्ट्राटेक ने रविवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

आदित्य बिड़ला समूह की अल्ट्राटेक सीमेंट यह सौदा अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और तेजी से बढ़ते दक्षिणी सीमेंट बाजार, विशेष रूप से तमिलनाडु में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए करेगी। इसके अलावा, अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड (आईसीएल) में उसके शेयरधारकों से 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए 3,142.35 करोड़ रुपये की खुली पेशकश की भी घोषणा की है।

### अधिग्रहण से अदाणी ने बढ़ाई अपनी क्षमता

लगभग एक महीने पहले, दूसरे सबसे बड़े सीमेंट निर्माता अदाणी समूह ने हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट का 10,422 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की थी। उससे कंपनी की क्षमता में 1.4 करोड़ टन प्रति वर्ष की वृद्धि होगी, जिससे इसकी क्षमता 9.3 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

### अल्ट्राटेक ने 20 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य रखा

*ग्रे सीमेंट की 15.48 करोड़ टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता के साथ, अल्ट्राटेक सीमेंट भारतीय सीमेंट उद्योग में सबसे ऊपर है। इसकी महत्वाकांक्षा दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनियों में से एक बनने की है और इसने 20 करोड़ टन प्रति वर्ष का लक्ष्य रखा है।*

- आईसीएल ने 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने खुली पेशकश की
- एक माह पहले अदाणी समूह ने पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण की घोषणा की
- अल्ट्राटेक सीमेंट भारतीय सीमेंट उद्योग में सबसे ऊपर है

### अदाणी समूह भी तेजी से आगे बढ़ रहा

हालांकि सितंबर, 2022 में स्विट्जरलैंड की कंपनी होल्सिम से 6.4 अरब डालर (लगभग 51,000 करोड़ रुपये) की नकद आय के लिए अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण करने के बाद सीमेंट कारोबार में प्रवेश करने वाला अदाणी समूह भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।




*निदेशक मंडल ने दी मंजूरी : आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी के निदेशक मंडल ने रविवार को इंडिया सीमेंट लिमिटेड (आईसीएल) के प्रवर्तकों की 32.72 प्रतिशत हिस्सेदारी 390 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।*

### अदाणी का 14 करोड़ टन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य

अदाणी ने वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है और मौजूदा इकाइयों में क्षमता विस्तार के माध्यम से आक्रामक रूप से विस्तार कर रहा है और अधिग्रहण भी कर रहा है।

### अल्ट्राटेक की हिस्सेदारी 55 फीसदी से अधिक होगी

इस 3,954 करोड़ रुपये के सौदे के पूरा होने के बाद, आईसीएल में अल्ट्राटेक की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। ऐसे में उसे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अनुसार खुली पेशकश लानी होगी।

### 390 रु. प्रति शेयर की खुली पेशकश

अल्ट्राटेक के निदेशक मंडल ने सार्वजनिक शेयरधारकों से 390 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर खुली पेशकश को भी मंजूरी दी है। यह कीमत पिछले शुक्रवार को आईसीएल के शेयर के बंद भाव 374.60 रुपये से 4.1 प्रतिशत अधिक है।

### श्रीनिवासन होंगे बाहर

शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के मुताबिक, इसने प्रवर्तकों - श्रीनिवासन एन, चित्रा श्रीनिवासन, रूपा गुरुनाथ और एस के अशोक बालाजे से 28.42 प्रतिशत हिस्सेदारी और श्री शारदा लॉजिस्टिक्स से 4.30 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए शेयर खरीद समझौते किए हैं।

# भारत को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

NITI Aayog

- नीति आयोग ने जारी दस्तावेज में कहा
- 2047 तक 18 हजार डॉलर प्रति व्यक्ति आय होनी चाहिए

भारत को 2047 तक 18,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण पत्र में यह बात कही गई है।

नीति आयोग ने '2047 में विकसित भारत के लिए सोचः एक दृष्टिकोण पत्र' शीर्षक वाले एक पत्र में कहा कि भारत को मध्यम आय के जाल से बचने और इससे बाहर निकलने की दिशा में सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। इसके मुताबिक, 'एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर सालाना हो।' दृष्टिकोण पत्र के मुताबिक, 'सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को आज के 3,360 अरब अमेरिकी डॉलर से नौ गुना और प्रति व्यक्ति आय को आज के 2,392 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से आठ गुना बढ़ाना होगा।' मध्यम आय से उच्च आय स्तर तक प्रगति करने के लिए 20-30 साल तक 7-10 प्रतिशत की सीमा में लगातार वृद्धि की जरूरत होगी और बहुत कम देश ऐसा करने में सफल रहे हैं।

### 14,005 डॉलर आय वाले उच्च आय वाले देशों में शामिल

यह एक ऐसा भारत होगा, जिसकी सामाजिक, सांस्कृतिक, तकनीकी और संस्थागत विशेषताएं इसे एक समृद्ध विरासत वाले विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगी। विश्व बैंक के मुताबिक, जिन देशों की वार्षिक प्रति व्यक्ति आय 14,005 अमेरिकी डॉलर (2023 में) से अधिक है, उन्हें उच्च आय वाले देशों के रूप में परिभाषित किया गया है।

# नीट-यूजी री-रिवाइज्ड परिणाम में एलन का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोटा



माजिन मंसूर | प्राचीता | दिव्यांश | माने नेहा कुलदीप | तेजस सिंह

- 6 स्टूडेंट्स को आल इंडिया रैंक-1
- टॉप-50 में 22 और 100 में 38 स्टूडेंट्स

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शुक्रवार को नीट-यूजी 2024 का री-रिवाइज्ड रिजल्ट जारी कर दिया गया। इन परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है।

एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों के अनुसार रिजल्ट्स में टॉप आल इंडिया रैंक-1 परफेक्ट स्कोर में एलन के 6 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जिन्होंने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। इसमें माजिन मंसूर, प्राचीता, दिव्यांश, माने नेहा कुलदीप, तेजस सिंह और अर्गदीप दत्ता शामिल हैं। इसके साथ ही टॉप-50 में एलन के 22 तथा टॉप-100 में एलन के 38 स्टूडेंट्स रहे हैं। इन 38 विद्यार्थियों में 24 एलन के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से, 8 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग कोर्स तथा 6 एलन आनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं। माजिन ने बताया कि कोटा से बेस्ट कोई जगह नहीं, यहां टारगेट पूरे होते हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट माजिन मंसूर ने नीट 2024 में एआईआर-1 हासिल की है। उसने नीट में परफेक्ट 720 में से 720 स्कोर हासिल किया है। राजस्थान के झुंझुनू निवासी प्रचिता ने नीट रि-रिवाइज्ड रिजल्ट में परफेक्ट स्कोर 720 में से 720 अंक हासिल किए हैं। प्रचिता ने 10वीं कक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और झुंझुनू में सिटी टॉपर रह चुकी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट तेजस सिंह ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2024 में ऑल इंडिया रैंक 01 हासिल की है। तेजस ने परीक्षा में परफेक्ट 720 में से 720 परफेक्ट स्कोर हासिल किया है। तेजस सिंह ने कहा कि खुद पर विश्वास रखो, मंजिल जरूर मिलेगी।

### फेड के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, कंपनियों के तिमाही नतीजे, वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि निवेशक आगे के संकेतकों के लिए वैश्विक बाजार के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी नज़र रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह सभी का ध्यान वैश्विक संकेतकों... विशेषरूप से अमेरिकी बाजारों पर रहेगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 31 जुलाई को ब्याज दर पर अपने निर्णय की घोषणा करेगा, जो बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश पांच गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जून, 2024 में समाप्त तिमाही में पांच गुना होकर 94,151 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले समान तिमाही में यह आंकड़ा 18,358 करोड़ रुपये था। मजबूत आर्थिक माहौल, सरकार की अनुकूल राजकोषीय नीतियां, निवेशकों का भरोसा और शेयर बाजारों में तेजी के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड को लेकर आकर्षण बढ़ा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जून में उद्योग के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 59 प्रतिशत बढ़कर 27.68 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो एक साल पहले 17.43 लाख करोड़ रुपये थीं। परिसंपत्ति आधार में मजबूत वृद्धि के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड के निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है। इस दौरान निवेशक आधार तीन करोड़ बढ़ा है और फोलियो की संख्या बढ़कर 13.3 करोड़ हो गई है। स्टॉक ट्रेडिंग मंच ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने बताया कि इक्विटी फोलियो की संख्या में बढ़ोतरी से पता चलता है कि विभिन्न निवेशक खंडों में भागीदारी व्यापक हो रही है। इसकी वजह वित्तीय जागरूकता तथा निवेश मंचों तक सुगम पहुंच है।

## एसआरयू की नई योजनाः आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए विशेष राहत




- कार्य के साथ पढ़ाई की सुविधा और कक्षा उपस्थिति पर विशेष छूट
- योजना 31 जुलाई तक लागू रहेगी
- ट्यूशन फीस में मिलेगी राहत

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक नई योजना की घोषणा की है, जो 25 से 31 जुलाई तक लागू रहेगी। यह पहल उन छात्रों के लिए है जो आर्थिक व अन्य कारणों से प्रवेश नही ले पा रहे है। इस योजना के तहत छात्रों को ट्यूशन फीस में राहत, कार्य के साथ पढ़ाई की सुविधा और कक्षा उपस्थिति पर विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

यूनिवर्सिटी का लक्ष्य है कि वे अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचें और उन्हें इस योजना का लाभ पहुंचाएं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। इस विशेष योजना के माध्यम से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने छात्रों के लिए शिक्षा को सुलभ और व्यावहारिक बनाया है। यह पहल न केवल छात्रों के आर्थिक बोझ को कम करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार भी करेगी। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि अधिक से अधिक छात्र इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने करियर को नई दिशा दें।

### यूनिवर्सिटी में कई रोजगार परक कोर्स

यूनिवर्सिटी ने रोजगार परक कोर्स भी शुरू किए हैं, जिनमें नेत्र परीक्षण, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, पोषण विज्ञान और अन्य क्षेत्रों के कोर्स शामिल हैं। इसके अलावा कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि और फार्मेसी के क्षेत्र में भी कई कोर्स उपलब्ध हैं। ये कोर्स छात्रों को सरकारी, अर्द्ध-सरकारी और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

### निवेशकों को आकर्षित करने स्टार्टअप से हटा एंजल कर

**मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि सभी वर्ग के निवेशकों के लिए 2012 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा लागू किए गए एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप कंपनियों को निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

गोयल ने कहा कि सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने से न केवल छोटे कारीगरों को मदद मिलेगी, बल्कि देश के रत्न एवं आभूषण निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

**पूर्व तट रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**1) निविदा सं. 30246442, दिनांक : 23.07.2024**

विवरण: (क्रमांक : 01 से 06) संलग्न विनिर्देश के अनुसार, AMF कंट्रोल पैन, 3 PH, 415V, लिक्विड कूल्ड, इलेक्ट्रॉनिक प्रकार के गवर्नर के साथ ध्वनिक संलग्नक और बैटरी आदि के साथ 125 KVA DG सेट की आपूर्ति। [मात्रा : 01 संख्यक (क्रमांक : 01 - 03 एवं 5), 02 संख्यक (क्रमांक : 04) एवं 03 संख्यक (क्रमांक : 6)]

मात्रा : 09 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 90 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2024 को 1500 बजे।

**2) निविदा सं. 30246825, दिनांक : 23.07.2024**

विवरण:(क्रमांक : 01 से 03) आरडीएसओ डीआरजी संख्या T-5849 के अनुरुप 60 किलो रेल के लिए दोषपूर्ण वेल्डेड जोड़ो पर उपयोग के लिए जॉगल्ड फिश प्लेट्स का निर्माण और आपूर्ति। जॉगल्ड फिश प्लेट्स प्रत्येक सेट में शामिल हैं (i) जॉगल्ड फिश प्लेट्स (T-5849) - 2 संख्यक, (ii) डीआरजी संख्या (T-11513) - 4 संख्यक, (iii) सिंगल कॉइल स्प्रिंग वॉशर (T-10773) - 4 संख्यक, और (iv) SPL वॉशर (50MM x 50MM) और 10 MM मोटा 27MM व्यास के छेद के साथ ड्राइंग के अनुसार - 08 संख्यक। (क्रमांक : 04 से 07) : आरडीएसओ डीआरजी संख्या T-5849 के अनुरुप 60 किलो रेल के लिए जॉगल्ड फिश प्लेट्स, जॉगल्ड फिश प्लेट्स में शामिल हैं (i) 4 छेद वाली जॉगल्ड फिश प्लेट्स आरडीएसओ डीआरजी संख्या T-5849-2 संख्यक, (ii) बोल्ट और नट डीआरजी संख्या T-11513- 4 संख्यक, (iii) सिंगल कॉइल स्प्रिंग वॉशर आरडीएसओ डीआरजी संख्या T-10773 - 4 संख्यक, और (iv) स्पेशल वॉशर (50MM x 50MM) और 10 MM मोटा 27MM व्यास के छेद के साथ ड्राइंग के अनुसार - 08 संख्यक। [मात्रा : 24 सेट (क्रमांक 1 एवं 3), 25 सेट (क्रमांक 2), 73 सेट (क्रमांक 4), 72 सेट (क्रमांक 5) एवं 77 सेट (क्रमांक 6 एवं 7)]

मात्रा : 373 सेट।

द्रष्टव्य : सामग्री 90 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.08.2024 को 1500 बजे।

सभी का निरीक्षण TPI एजेंसी द्वारा किया जाता है ।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps. gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/वाल्टियर

PR-356/P/24-25

## पॉलिविनाइल क्लोराइड दुनिया का तीसरा सबसे सामान्य पॉलीमर

# अदाणी की पेट्रोरसायन परियोजना 2026 तक होगी चालू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह दिसंबर, 2026 तक चार अरब अमेरिकी डॉलर की पॉलिविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) परियोजना के पहले चरण को चालू करने के साथ पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतरेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि यह क्षेत्र ऐसा है जिसमें घरेलू मांग और आपूर्ति में काफी अंतर है।

पॉलिविनाइल क्लोराइड (पीवीसी)- दुनियाभर में बनाया जाने वाला तीसरा सबसे सामान्य सिंथेटिक प्लास्टिक पॉलिमर है। इसका उपयोग रेनकोट, शॉवर कर्टेन, खिड़की के फ्रेम, इनडोर प्लंबिंग के लिए पाइप, चिकित्सा उपकरण, तार और केबल इन्सुलेशन, बोतल, क्रेडिट कार्ड और फ्लोरिंग जैसे उत्पाद बनाने के लिए किया जाता है।

### इसका उपयोग रेनकोट, शॉवर कर्टेन, खिड़की फ्रेम में होता है

*हिंडनबर्ग ने लगाया था धोखाधड़ी का आरोप : अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट में अदाणी समूह की कंपनियों पर वित्तीय और लेखांकन धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, अदाणी समूह ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया था लेकिन यह रिपोर्ट आने के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई थी।*




### भरोसा कायम होने पर शुरू किया संयंत्र पर काम

इसके बाद समूह ने वापसी के लिए रणनीति बनाई। इसके तहत उसने इक्विटी के रूप में पांच अरब डॉलर और कर्ज के रूप में इससे दोगुनी राशि जुटाई। साथ ही उसने अपने कुछ कर्ज का भुगतान किया। बाजार का भरोसा फिर कायम होने के बाद अदाणी समूह ने पेट्रोरसायन संयंत्र पर काम फिर शुरू किया।

### भारत की सालाना मांग 40 लाख टन

भारत की सालाना पीवीसी मांग लगभग 40 लाख टन है लेकिन घरेलू उत्पादन क्षमता केवल 15 लाख टन है। इस वजह से मांग और आपूर्ति में काफी अंतर रहता है। खपत बढ़ने के साथ यह अंतर और बढ़ेगा। अदाणी समूह इस क्षेत्र में उतरकर लाभ उठाना चाहता है। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज गुजरात के मुंदड़ा में एक पेट्रोरसायन 'क्लस्टर' स्थापित कर रही है।

### संयंत्र कई चरणों में होगा स्थापित

मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि कंपनी का इरादा इस क्लस्टर के अंदर 20 लाख टन सालाना क्षमता वाला पीवीसी संयंत्र लगाने का है। इस संयंत्र को कई चरणों में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका शुरुआती चरण दिसंबर, 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

### उत्पादन क्षमता 10 लाख टन होगी

इस दौरान संयंत्र की उत्पादन क्षमता सालाना 10 लाख टन की होगी। समूह ने पिछले साल मार्च में इस परियोजना को रोक दिया था। समूह ने कहा था कि वित्तीय संसाधन जुटने तक उसने प्रमुख उपकरण खरीद और साइट निर्माण गतिविधियों को बंद करने का फैसला किया है।

### रिफंड पाने रिटर्न के फर्जी दावे करने से बचें करदाता

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने रिटर्न दाखिल करने वालों से कहा है कि वे खर्चों के लिए फर्जी दावे न करें और अपनी कमाई को कम कर नहीं दिखाएं। विभाग ने कहा कि बढ़ा-चढ़ाकर और फर्जी दावे करना दंडनीय अपराध है और इससे रिफंड जारी करने में देरी होती है। सभी करदाताओं के लिए आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है, जिसके बाद खातों का ऑडिट नहीं किया जाएगा। आयकर विभाग और उसके प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार, 26 जुलाई तक पांच करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं।

## विदेश मंत्रियों की बैठक आज

# क्वाड बैठक में एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ हिस्सा लेंगे

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर जापान के दो दिनों (28-30 जुलाई) के दौरे पर शनिवार को टोक्यो पहुंचे। उनके यहां पहुंचने पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जापान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया। बता दें क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक 29 जुलाई को है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि बैठक में, नेता उस बात को आगे बढ़ाएंगे, जिस पर नेताओं, प्रधानमंत्री, देश के राष्ट्रपतियों ने सहमति जताई थी। प्रवक्ता रणधीर ने बताया कि चारों देशों के विदेश मंत्री क्वाड एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे और अब तक हासिल की गई सभी उपलब्धियों का जायजा लेंगे। अपने इस दौरे में एस. जयशंकर ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ क्वाड बैठक में हिस्सा लेंगे।

*जयशंकर 30 जुलाई तक जापान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ क्वाड बैठक में हिस्सा लेंगे।*



### एंटनी ब्लिंकन से मिले एस जयशंकर

*अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से एस जयशंकर से मुलाकात की। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'हमारा द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है। हमारी मुलाकात में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। कल होने वाली क्वाड बैठक में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।(नवंबर 2017 में, भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया हिंद प्रशांत में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए क्वाड की स्थापना की थी।*



**एडोगावा।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जापान के एडोगावा पहुंचने पर भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत की।

### विदेश मंत्री दो दिवसीय दौरे पर जापान पहुंचे

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर दो दिवसीय दौरे पर जापान पहुंचे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान में क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। जयशंकर के रविवार को जापान पहुंचने पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जापान में स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज दिखाई दे रहे हैं।

### दुनिया को अब महात्मा गांधी के संदेश की बेहद जरूरत

अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन विदेश मंत्री ने जापान के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'ऐसे समय में जब पूरी दुनिया में संघर्ष बढ़ रहे हैं, काफी तनाव है और ध्रुवीकरण हो रहा है, खून-खराबा हो रहा है। ऐसे में ये बेहद अहम है कि हमें महात्मा गांधी के उस संदेश को याद करना चाहिए कि युद्ध के मैदान से शांति नहीं आ सकती और ये युग भी युद्ध का नहीं है। यह संदेश आज भी उतना ही प्रभावी है, जितना यह 80 साल पहले था।

# ट्रंप बोले- मुझे वोट दिया तो दोबारा चुनाव नहीं होंगे, कहा- मैं सब ठीक कर दूंगा

## विपक्षी नेता बोले- ट्रंप तानाशाह, लोकतंत्र खत्म कर देंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका के ईसाई नवंबर में उनको वोट देंगे, तो उन्हें दोबारा कभी वोट देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फ्लोरिडा में कंजर्वेटिव ग्रुप के एक इवेंट को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति बना तो सभी चीजें ठीक कर दूंगा।



पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ईसाइयों को घरों से निकलकर वोट डालना होगा। इसके बाद अगले 4 साल में मैं सब कुछ ठीक कर दूंगा। 4 साल बाद उन्हें दोबारा मतदान के लिए नहीं आना पड़ेगा। देश में सभी चीजें बेहतरीन हो जाएंगी।

### *चुनाव के बाद राष्ट्रपति पद नहीं छोड़ेंगे ट्रम्प*

*ट्रम्प के इस बयान की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हो रही है। जानकारी के मुताबिक, इस बात की आशंका जताई गई कि ट्रम्प खुद को अमेरिका का तानाशाह घोषित करना चाहते हैं। वे राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे और खुद ही इस पद पर कायम रहेंगे। ट्रम्प के बयान पर डेमोक्रेटिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे एडम शिफ ने कहा, यह सबूत है कि देश के इस चुनाव में लोकतंत्र दांव पर है। अगर हमें इसे बचाना है तो तानाशाही के खिलाफ वोट करना होगा। अगर ट्रम्प चुने गए तो वे देश में चुनाव की प्रक्रिया ही खत्म कर देंगे। उनका बयान देश की जनता के लिए डरावना है।*

### पाक के पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें से अधिकतर इस्लामिक स्टेट और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़े हैं। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह पंजाब में 2,500 से अधिक तलाशी अभियान चलाए और लोधरान, रहीम यार खान तथा बहावलपुर से 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इसमें कहा गया कि आईएस और टीटीपी के कुछ मुख्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें फहीम, वहीद, सऊद, ताहिर, सुभान, शाहिद, उमर अयाज और रहमान गुल शामिल हैं।

### सिवनी और देवास में सड़क हादसे में 5 की मौत

## देवास में खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत

**देवास।** जिला मुख्यालय से करीब 6 किमी दूर भोपाल रोड पर खटांबा के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। टायर बदलने के लिए रुके एक ट्रक में पीछे से तेज गति से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी।

इस दौरान जैक चढ़ाने व टायर बदलने वाले दो लोग इसकी चपेट में आ गए और पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का क्लीनर ट्रक के अंदर ही फंस गया। हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार




के बाद जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। वहीं टक्कर मारने वाले ट्रक में फंसे क्लीनर की भी मौत हो गई, जिसे कई घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।

### अजीब चोर : एसडीओ के ड्राइवर ने की चोरी

## मैसेज कर बताया बीस दिन में लौटा दूंगा रुपए व सामान

- *चूनाभट्टी में घर के विश्वसनीय ड्राइवर ने की वारदात, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर*
- *एसडीओ इन दिनों अमेरिका में बेटी दामाद के घर गए हुए हैं*



आरोपी के इंस्टाग्राम में इस तरह के रील मौजूद हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित डी सेक्टर शाहपुरा में रहने वाले एसडीओ के विश्वसनीय ड्राइवर ने उनके घर से जेवरात और नकदी चुरा ली।

चोरी करने के बाद ड्राइवर ने उन्हें मैसेज कर बता भी दिया कि उसने घर से जेवरात और नगदी निकाली है और उसे वह बीस दिन के भीतर लौटा देगा। एसडीओ ने घटना की जानकारी अपने बेटे को दी। बेटा इंदौर में था और उसने परिचित को भेजकर चूनाभट्टी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार डी-165 निवासी कपिल त्यागी, पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट में एसडीओ हैं। इन दिनों वह अमेरिका में बेटी दामाद के घर गए हुए हैं। उन्होंने चार महीने पहले अपने घर चंदेरी, अशोक नगर निवासी दीपक यादव को ड्राइवर रखा था। दीपक विश्वसनीय था और घर के सभी कामकाज संभालता था। कपिल त्यागी का बेटा चिरायु त्यागी बिल्डर है और वह पत्नी के साथ इंदौर गया हुआ है। शनिवार सुबह ड्राइवर चिरायु की दादी को फिजियोथैरेपी कराने के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां थैरेपी में समय अधिक लगता है और दीपक अस्पताल से लौटकर घर आ गया।

### दादी के बैग से चुराई थी चाबी

दीपक का समय घर में अधिक बीतता था। लिहाजा, उसे घर की सारी जानकारी थी। उसने दादी के बैग से घर के लॉकर की चाबी निकाल ली थी। उसने चाबी से लॉकर खोलकर नगदी और जेवरात निकाल लिए। इसके बाद शाम को अस्पताल पहुंचा और दादी को थैरेपी कराने के बाद घर छोड़कर चला गया। चोरी करने के बाद उसने कपिल त्यागी को मैसेज कर बताया कि उसने घर से नगदी और जेवरात चुरा लिए हैं। उसने मैसेज में यह भी लिखा था कि परेशान होने की जरूरत नहीं है। बीस दिन के भीतर वह रुपए और जेवरात लौटा देगा।

## हिंसक हुआ बलूच विरोध मार्च, किसी के सिर में मारी गोली तो कहीं पर चक्काजाम



घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

बलूचिस्तान, पाकिस्तान ग्वादर की ओर जा रहे बलूच विरोध मार्च पर मस्तुंग में गोलीबारी में कम से कम 14 बलूच प्रदर्शनकारी घायल हो गए। विरोध मार्च का आह्वान करने वाली बलूच यखजेती समिति ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने उनके काफिले पर गोलीबारी की, जिससे कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि बलूच लोगों ने रविवार को बलूच राष्ट्रीय सम्मेलन का आह्वान किया है। इस सम्मेलन में बलूच लोग पाकिस्तान सरकार के नरसंहार और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे है। अब्दुल मुतालिब बलूच को सिर में गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर है, उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisement booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

**Vandana Global**
Leading the New
An Integrated Steel Plant Since 1996
We are hiring in our organisation for following positions:

**Sponge Iron**
Sr. Manager/ Manager - DRI -1
Manager - Shift - Process -1
Shift In Charge - Process -1
Chemist -3
Sr. Fitter/Fitter - Mechanical -5
Rigger -4

**Rolling Mill**
Main Pulpit operator (Operations) -2
Furnace Incharge -RHF (Operations) -1
Shift Incharge - Operations -1
Engineer Hydraulic -Mech -2
Fitter -Mech -7
Technicians - Mech -4
Shift Engineer -Elect -1
Sr. Electrician / Electrician -8
Shift Incharge Quality -1
Online Control Supervisor -3
UTM Shop Floor Operator -2

**Steel Melting Shop**
General Maintenance Engi. - Mech -2
Foreman -1 post
Sr. Fitter/Fitter - 5
Sr. Manager/Manager -Electrical -1
Sr. Electrician/Electrician -8
Quality Engineer -2
Shift Chemist -2
Spectro Incharge -2

**Captive Power Plant Unit**
Instrument Engineer - E&I -3
Sr. Engineer / Jr. Engineer - E&I -5
Shift Incharge - O&M -2
Sr. Engineer/ Engineer - Solar Maintenance -2
Instrument Technician - E&I -3
Boiler Attendant Grade 1 & 2 - O&M -4
Fitter Boiler / CHP- O&M -5
Fabricator Fitter - O&M -5

**Ferro Alloys Unit**
Sr. Manager/ Manager / Dy Manager (RMHS) -1
Tapper Foreman -2
Fitter cum welder -5

**Automobile**
Shift Incharge - Automobile -3
Mechanic - Automobile -5

**Admin**- Security Guard -20
(Preference also given to transgender)

Interested candidate are invited for walk-in-interview on 29th & 30th July 2024 from 9.30 am to 4.00 pm along with their resume, educational certificates, latest salary details & passport size photograph.

**VANDANA GLOBAL LIMITED**
Siltara Industrial Area Phase-II, Raipur
Call and WhatsApp numbers:
9109155465, 6232103400
Khanna Advt.

#### टीचर

**आवश्यकता है-** कक्षा नर्सरी से 8वीं तक सभी विषय पढ़ाने के लिए केवल शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। संपर्कः- *देव्यानी पब्लिक स्कूल,पुराना धमतरी रोड डूंडा*। मो. 9303013584, 8959313304.(RO-6044)

**आवश्यकता है-** Computer Teachers for MS-Office,Tally, C++, Photoshop. ICST Computer Education, Nahar Road, Santoshi Nagar, Raipur, Contact- 6266529207 (RO-6045)

**आवश्यकता है-** गुरू राम दास स्कूल तुलसी बाराडेरा रायपुर में शिक्षिका-4 पद, कम्प्युटर कर्मी-2 पद, एंव आयाबाई (रहने की सुविधा) की आवश्यकता है **संपर्क - 6263349364.**(RO-6043)

#### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समेन व साड़ियो का अनुभवी सेल्समेन एंव हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1643)

**आवश्यकता है-** रेडिमेड कपड़े शो रूम मेन्स वियर में अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है। वेतन 15,000/- से 20,000/- कमीशन अलग **संपर्कः- प्रिन्स ,मालवीय रोड मद्रासी होटल के बाजू रायपुर 9827117816** (RO-128)

#### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12वीं पास टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, ऑफिसबॉय 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्कः- दीपिका सर्विसेज, कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर 9826652461.** (RO-2899)

#### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** परमानेंट नौकरी आरंग टोल प्लाजा में ,40-मजदूर, 20-सुरक्षागार्ड, 20-पुरुष, वेतन 10000/-, PF, ESI अर्जेंट,भिलाई में कंप्यूटर ऑपरेटर वेतन 15000 **संपर्क-7898003111, 9329280863, 07883556724.** (आरो नं - 6358)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर, गनमैन, बैकिंग स्टाफ सुपरवाईजर ड्राइवर (ऑटो+ बाईक) योग्यता 10वीं से पोस्ट ग्रेजुएट वेतन 10000-20000 बिलासपुर, बालोद, राजनांदगांव, हैदराबाद, बंगलौर चेन्नई हेतु **पता- शंकर नगर बिलासपुर 8461881111 8299144824, 9303280228.** (RO-240)

#### कृषि कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर रोड, भोजपुरी टोल नाका के पास ग्राम मोहदा मोड़ (बिलासपुर) में स्थित 2 एकड़ के फार्म हाउस में कार्य करने के लिए किसान परिवार की आवश्यकता है जो खेती एवं सब्जी उगाने के कार्य के अच्छे जानकार हो। रहने हेतु घर बिजली पानी की सुविधा **सम्पर्क करें- 8305231923, 6232059911.**(RO-34948)

#### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ, OT नर्स/ ब्रदर & OT Technician की जरूरत है Salary अनुभव के आधार में CV के साथ **सम्पर्क करे- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेन्टर, 301, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ि नाका, रायपुर 9575042809 (10am से 7pm, Mon to Sat.)** (RO-34955)

#### टैलीकॉलिंग/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लडको की आवश्यकता, योग्यता 10वी -12वी फिक्स सैलरी + कमिशन, **अनुभवी को वरियता, पता - (छ.ग ) संपर्क करें - 9305576081 6261240639.**(RO-1329)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए जो जमशेदपुर झारखंड में काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क करें- 6267946989, 6266638339** (RO-34943)

**आवश्यकता है-** देवास, रीवा, प्रयागराज में रहकर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट वेतन 10000+ कमीशन 15000 से 20000 बोनस+ रहना, ट्रेन टिकट फ्री **सम्पर्क करें- 7879951040, 7647803413.**(RO-1417)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (RO-2894)

### Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो -6357)

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म **7347259119.**(RO-13135)

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.**(आरो- 6352)

**बेचना है-** जामुल दुर्गा मंदिर के पास 1600 वर्गफीट डबल स्टोरी 3 दुकान के साथ, कैलाशनगर में 60×40 , इंदिरानगर दुबे पशुआहार के पास 1800 वर्गफीट,तीनों पूर्व फेसिंग प्लाट अतिशीध्र बेचना है। **संपर्कः- 9329011768, 7000340419.**(आरो नं.544)

#### जमीन

**जमीन बेचना है-** धनोरा रिसाली प्रियंका नगर में डायवर्टेड-1938 (40×48) वर्गफीट, पूर्व दिशा, लैंडमार्क सनराइज टावर,1300 रुपए प्रति वर्गफीट में बेचना है। **Mo.- 91111-33315.**(आरो नं .543)




हरिभूमि क्लासीफाईड

### एजूकेशन स्पेशल

कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
**कोटा स्टडी सर्कल**
भिलाई/रायपुर
नूपुर प्रधान 536/720
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल

**रायपुर कोटा सेंटर**
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
**भिलाई कोटा सेंटर**
बिल्डिंग नं. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

### For Rent किराया

**मकान किराये पर चाहिये-** रेल्वे स्टेशन के आसपास कोटा, गुढ़यारी, रामनगर, रामसागर पारा, फाफाडीह, समता, चौबे कॉलोनी, 1 बीएचके ऑफिस हेतु मकान किराये पर चाहिए 4000/- से 6000/- तक **संपर्कः- 90393-21951.** (RO-2898)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन

### Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# पेरिस ओलंपिक: निकहत, प्रीति के पंच से विरोधी चित, सिंधू ने जगाई उम्मीद, तीरंदाजी टीम हारी


निकहत ने जर्मनी की मुक्केबाज मैक्सी करीना को 5-0 हराया

पेरिस ओलंपिक में पदक की दावेदार निकहत जरीन और पी वी सिंधू ने जीत के साथ आगाज किया लेकिन अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और महिला तीरंदाजों ने निराश किया। तैराकी में भी श्रहरि नटराज और धिनिधि देसिंघु के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने से भारत की चुनौती समाप्त हो गई जबकि टेनिस में सुमित नागल पहले ही दौर में बाहर हो गए। मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला टेबिल टेनिस में अगले दौर में पहुंच गई तो नौकायन में बलराज पंवार एकल स्कल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 2 | फ्रांस | 3 | 2 | 2 | 7 |
| 3 | जापान | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 4 | द. कोरिया | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 5 | चीन | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 22 | भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

## मुक्केबाजी: निकहत, प्रीति ने 5-0 से जीता मैच

एजेंसी ⏭ पेरिस

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने रविवार को यहां जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्जर पर जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस 28 साल की गैरवरीय मुक्केबाज ने यहां 'नॉर्थ पेरिस एरेना' अंतिम 32 दौर के मुकाबले में जर्मनी की मुक्केबाज के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की।

भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने वियतनाम की वो थी किम आन्ह को सर्वसम्मत फैसले में हराकर महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहली बार ओलंपिक खेलों में भाग ले रही प्रीति ने शनिवार को खेले गए मुकाबले में 5-0 से जीत हासिल करके मुक्केबाजी में भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की।



## बैडमिंटन: सिंधू का जीत के साथ आगाज

**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप एम के मैच में मालदीव की फातिमाथ अब्दुल रज्जाक के खिलाफ आसान



जीत के साथ की। लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए चुनौती पेश कर रही सिंधू और फातिमाथ के बीच का अंतर साफ नजर आया। भारतीय खिलाड़ी ने अपने से कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी को सिर्फ 29 मिनट में सीधे गेम में 21-9 21-6 से शिकस्त दी।

## ओलंपिक — आज भारत का कार्यक्रम



**तीरंदाजी :** पुरुष टीम क्वार्टर फाइनलः तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव - शाम 6:30 बजे



**बैडमिंटन :** पुरुष युगल (ग्रुप चरण): सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल (जर्मनी) - दोपहर 12 बजे, महिला युगल (ग्रुप चरण): अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान) - दोपहर 12:50 बजे, पुरुष एकल (ग्रुप चरण): लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी (बेल्जियम) - शाम 5:30 बजे



**निशानेबाजी :** 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशनः मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा - दोपहर 12:45 बजे, पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशनः पृथ्वीराज तोंडईमान- दोपहर 1:00 बजे, 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनलः रमिता जिंदल - दोपहर 1:00 बजे, 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनलः अर्जुन बबूता - दोपहर 3:30 बजे

हॉकी : पुरुष पूल बी मैचः भारत बनाम अर्जेन्टीना- शाम 4:15 बजे



**टेबल टेनिस :** महिला एकल (राउंड ऑफ 32): श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर)- रात 11:30 बजे।

नौकायन

## बलराज ने क्वार्टर में बनाई जगह



**पेरिस।** भारत के बलराज पंवार रविवार को पेरिस ओलंपिक में रेपेचेज दो में दूसरे स्थान पर रहते हुए नौकायन की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बलराज ने सात मिनट 12.41 सेकंड का समय लिया और वह मानाको के क्वेंटिन एंटोगनेली से पीछे रहे जो सात मिनट 10:00 सेकंड के समय से शीर्ष पर रहे। प्रत्येक रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई साइकिलिस्ट का ऑपरेशन

ऑस्ट्रेलियाई साइकिल चालक लुकास प्लैप शनिवार को ओलंपिक टाइम ट्रायल के दौरान बारिश से भीगी सड़क पर गिर गए जिसके कारण उन्हें रात को अपने पेट का ऑपरेशन करवाना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया मैं इस खेल की संचालन संस्था ने पुष्टि की कि प्लैप के पेट का ऑपरेशन किया गया है लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। प्लैप 32.4 किलोमीटर की रेस की शुरुआत करने वाले खिलाड़ियों में से थे। जब वह कोर्स के टेक्निकल क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी साइकिल फिसल गई और वह नीचे गिर गए थे।

## शरत एकल से बाहर, जीती श्रीजा



**पेरिस।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल रविवार को यहां अपने से कम रैंकिंग के स्लोवेनिया के खिलाड़ी डेनी कोजुल से 2-4 से हारकर पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अपना पांचवा ओलंपिक खेल रहे 42 वर्षीय शरत को 53 मिनट तक चले मैच में अपने से 86 पायदान नीचे के प्रतिद्वंद्वी से 12-10, 9-11, 6-11, 7-11, 11-8, 10-12 से हार का सामना करना पड़ा।इससे पहले श्रीजा अकुला ने स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर 4-0 की शानदार जीत के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली श्रीजा ने स्वीडन की खिलाड़ी को 30 मिनट में 11-4, 11-9, 11-7, 11-8 से पराजित किया।

## बत्रा ने पहले दौर में एना हर्सी को हराया

एजेंसी ⏭ पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 के दूसरे दिन वूमेंस सिंगल टेबल टेनिस में मनिका बत्रा और ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्सी के बीच मुकाबला हुआ। भारत की मनिका बत्रा 2024 पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस वूमेंस सिंगल के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं. मनिका ने कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्सी को 4-1 से हराया।

इस जीत के साथ मनिका बत्रा राउंड 2 के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। मनिका ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और मैच 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 से जीत लिया। मनिका बत्रा ने अन्ना हर्सी पर शानदार जीत के साथ वूमेंस सिंगल में राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। वह राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं। मनिका बत्रा अब राउंड ऑफ 32 में फ्रांस की पृथिका पावड़े से भिड़ेंगी। जो भारतीय मूल की हैं। लेकिन वह फ्रांस के लिए खेलती हैं। पृथिका ने मात्र 16 वर्ष की उम्र में टोक्यो में अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लिया था। देखना होगा कि वह मनिका के खिलाफ कैसा परफॉर्म करती है।




## तीरंदाजी : भारतीय महिला टीम क्वार्टर में हारी

**पेरिस।** भारतीय महिला तीरंदाजी टीम पेरिस ओलंपिक में रविवार को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 0-6 से हार गई। अपना चौथा ओलंपिक खेल रही दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर की तिकड़ी 51-52, 49-54, 48-53 से हार गई। अंकिता और दीपिका ने बेहद खराब प्रदर्शन किया जबकि भजन ने अच्छा स्कोर बनाया। तीरंदाजी में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली टीम को दो अंक मिलते हैं जबकि ड्रॉ पर दोनों टीमों को एक एक सेट प्वाइंट मिलता है। भारत ने क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहने के बाद क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाई थी।



### तैराकी में भारतीय चुनौती खत्म

**नांटेरे।** पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में भारत की चुनौती रविवार को खत्म हो गई जब श्रीहरि नटराज और धिनिधि देसिंघु अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज 55.01 सेकंड की टाइमिंग के साथ 100 मीटर बैकस्ट्रोक में अपनी हीट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे थे। ओवरआल तालिका में वह 33वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते हैं। पहली बार ओलंपिक में उतरी भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य 14 वर्ष की देसिंघु 200 मीटर महिला फ्रीस्टाइल हीट में अव्वल रहीं। पहली हीट में उन्होंने 2:6.96 का समय निकाला लेकिन 30 प्रतियोगियों में वह 23वें स्थान पर रहीं।

### टेनिस : नागल एकल के पहले दौर में बाहर

**पेरिस।** भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल रविवार को यहां ओलंपिक पुरुष एकल टेनिस प्रतियोगिता के तीन सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर बाहर हो गए। भारत के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 2-6, 6-2, 5-7 से हार मिली।दोनों खिलाड़ियों ने पहले दो सेट 6-2 के समान स्कोर से जीते। पर 65 मिनट तक चले निर्णायक सेट में फ्रांस के खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी की चुनौती पस्त कर दी।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज पर किया क्लीन स्वीप

**बर्मिंघम।** बेन स्टोक्स के अपने देश के लिए सबसे तेज अर्धशतक और मार्क वुड के पांच विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। इंग्लैंड के कप्तान ने अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए सिर्फ 24 गेंद खेली। उन्होंने 28 गेंद में 57 रन बनाए और क्रेग ब्रैथवेट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 7.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 87 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 175 रन पर ढेर हो गई। इससे इंग्लैंड को जीत के लिए 82 रन का लक्ष्य मिला।

### अमेरिका क्रिकेट ने पूरी की पात्रता जरूरत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका क्रिकेट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एसोसिएट देश के रूप में अयोग्य ठहराए जाने से बचने के लिए दो महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक को पूरा करते हुए जोनाथन एटकीसन को एक अगस्त से अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। यूएसएसी को इस महीने की शुरुआत में आईसीसी ने दो मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए 'नोटिस' दिया था। सीईओ की नियुक्ति नहीं होना इसमें से एक कारण था जबकि दूसरा कारण यूएसएसी का अमेरिका ओलंपिक और पैरालंपिक समिति द्वारा निर्धारित संचालन नियमों को पूरा नहीं करना था।

## भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराकर जीती टी20 सीरीज

एजेंसी ⏭ पालेकल

यशस्वी जायसवाल और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए वर्षाबाधित दूसरे टी20 मैच में श्रीलंका को नौ गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मुख्य कोच गौतम गंभीर और नए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारियों की बेहतरीन की और भारतीय टीम टी20 विश्व चैंपियन की तरह ही खेली।

गर्दन में जकड़न के कारण शुभमन गिल ने यह मैच नहीं खेला जबकि संजू सैमसन (0) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद जायसवाल ने 15 गेंद में 30 और सूर्यकुमार ने 12 गेंद में 26 रन बनाए। भारत ने आठ ओवर में 78 रन का संशोधित लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर नौ विकेट पर 161 रन बनाए थे। सैमसन को महीश पथिराना ने कैरम बॉल पर आउट किया। इसके बाद सूर्यकुमार और जायसवाल ने 3.1 ओवर में 39 रन जोड़े। हार्दिक पंड्या ने नौ गेंद में नाबाद 22 रन बनाए।




### 31 रन पर गंवाए अंतिम 6 विकेट

भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे टी20 मैच में श्रीलंका को नौ विकेट पर 161 रन पर रोक दिया। शनिवार को पहले मैच में श्रीलंका ने आखिरी आठ विकेट 21 रन के भीतर गंवा दिए थे और रविवार को आखिरी छह विकेट 31 रन के भीतर गंवाए। पहले दस ओवर में 80 रन बनाने के बावजूद श्रीलंकाई टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी और आखिरी दस ओवर में 81 रन ही बन सके। हार्दिक पंड्या ने दो ओवर में 23 रन देकर दो और रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका पगबाधा बिश्नोई | 32 | 24 | 5 | 0 |
| मेंडिस का बिश्नोई बो अर्शदीप | 10 | 11 | 2 | 0 |
| परेरा का रिंकू बो हार्दिक | 53 | 34 | 6 | 2 |
| कामिंदु का रिंकू बो हार्दिक | 26 | 23 | 4 | 0 |
| चरिथ का सैमसन बो अर्शदीप | 14 | 12 | 0 | 1 |
| दासुन शनाका बो बिश्नोई | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वानिंदु हसरंगा बो बिश्नोई | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रमेश मेंडिस का पंत बो अक्षर | 12 | 10 | 0 | 1 |
| महीश तीक्षणा बो अक्षर | 02 | 03 | 0 | 0 |
| मतीश पथिराणा नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 161/9

गेंदबाजी : सिराज 3-0-27-0, अर्शदीप 3-0-24-2, अक्षर 4-0-30-2, बिश्नोई 4-0-26-3, रियान 4-0-30-0, हार्दिक 2-0-23-2.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का शनाका बो हसरंगा | 30 | 15 | 3 | 2 |
| संजू सैमसन बो तीक्षणा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| सूर्या का शनाका बो पथिराना | 26 | 12 | 4 | 1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 22 | 09 | 3 | 1 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 6.3 ओवर में 81/3

गेंदबाजी : शनाका 1-0-12-0, तीक्षणा 2-0-16-1, हसरंगा 2-0-34-1, पथिराना 1.3-0-18-1.

### प्रदूषित पानी के कारण सीन नदी में ट्रायथलॉन स्पर्धा रद्द

**पेरिस।** पेरिस की सीन नदी की जल गुणवत्ता को लेकर चिंताएं 2024 ओलंपिक में भी जारी हैं और मुख्य ट्रायथलन स्पर्धा से पहले रविवार को यहां होने वाले ट्रायथलन आयोजन को रद्द कर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि उन्होंने जल गुणवत्ता परीक्षण करने वाले अधिकारियों के बीच जल गुणवत्ता को लेकर हुई बैठक के बाद रविवार सुबह होने वाले ट्रायथलॉन के तैराकी चरण के सामंजस्य कार्यक्रम को रद्द कर दिया। इसमें विश्व ट्रायलथलन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ शहर के और क्षेत्रीय अधिकारी भी शामिल थे। खराब जल गुणवत्ता के कारण सीन में तैराकी पर एक सदी से भी अधिक समय से प्रतिबंध लगा हुआ है। आयोजकों ने सीन को इन खेलों के लिए तैयार करने में 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया है।

### भारत दोहरे अंक में पदक जीतने के लिए तैयार




**पेरिस।** खेल प्रशासक और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी ने कहा है कि टोक्यो ओलंपिक में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतने के लिए तैयार है। ला विलेट में 'इंडिया हाउस' के उद्घाटन के मौके पर विशेष बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि वह दिन अब 'दूर नहीं' है जब भारत ओलंपिक की मेजबानी करेगा। पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी की इच्छा की घोषणा की थी।

## मनु को भगवद्गीता की सीख- *'कर्म कर फल की चिंता मत कर'* आई काम

एजेंसी ⏭ पेरिस


भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीत लिया। इसी के साथ उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत का पदकों का खाता भी खोल दिया। सफलता मिलने के बाद उन्होंने अपना अनुभव साझा किया।

फाइनल मैच के दौरान मनु को श्रीमद्भगवतगीता में श्रीकृष्ण की अर्जुन को दी गई नसीहत काम आई। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कहा था कि, सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान केंद्रित करो। मनु ने कहा, 'गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से सिर्फ अपने काम पर भी फोकस करने को कहा था। वही सब मेरे दिमाग में भी चल रहा था। मैं सिर्फ अपना बेस्ट प्रदर्शन करने पर ध्यान देती हैं। मैं अपने भाग्य को तो कंट्रोल नहीं कर सकती हूं।'

### टोक्यो में चूकने पर की बात

मनु ने टोक्यो ओलंपिक में असफलता के बाद हुई निराशा पर भी बात की। मनु ने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक मेरे लिए निराशाजनक रहा था, लेकिन जो बीत गया वो बीत गया। यह मेडल हम सभी के लिए है। यह हमेशा टीम वर्क होता है। मैं भारत के लिए यह मेडल जीतने के लिए सिर्फ एक माध्यम हूं।'

अनुभव किया साझा



### कोच और प्रशंसकों को दिया धन्यवाद

भाकर ने अपने कोच और प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी मेहनत की है। हमें बाकी सब भाग्य और भगवान पर छोड़ देना चाहिए। हम जितना कर सकते हैं, करेंगे। मेरे साथ खड़े रहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद (सभी दोस्तों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का)। उन्हीं की बदौलत मैं यहां मजबूती से खड़ी हूं। हर बार मैं बहुत मेहनत करती हूं और आप सभी ने मेरी जिंदगी को इतना आसान बना दिया है। मैं अपने प्रशंसकों और अपने कोचों को धन्यवाद देना चाहूंगी।'

### सात बार के चैंपियन भारत को मिली आठ विकेट से हार

## श्रीलंका पहली बार बना महिला एशिया कप चैंपियन

एजेंसी ⏭ दाम्बुला

श्रीलंका ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में रविवार को यहां भारत को आठ विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। भारत को छह विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाकर यादगार जीत दर्ज की।

श्रीलंका के लिए हर्षिता समरविक्रमा और कप्तान चमारी अटापट्टू की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। भारतीय टीम की इस हार में खराब गेंदबाजी के साथ बेहद लचर क्षेत्ररक्षण का भी हाथ रहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने समरविक्रमा का आसान कैच टपकाया जिन्होंने 51 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाए। चमारी ने 43 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 61 रन बनाए। कप्तान के आउट होने के बाद समरविक्रमा ने कविशा दिलहारी के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 73 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। विजयी छक्का लगाने वाली दिलहारी ने 16 गेंद की नाबाद पारी में 30 रन बनाये। दिलहारी ने इससे पहले गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए 36 रन देकर दो विकेट चटकाये थे।




### मंधाना ने बनाए 60 रन


भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंद की अपनी पारी 10 चौके की मदद से 60 रन की पारी खेल बड़े स्कोर की नींव रखी। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (16) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को सधी शुरुआत दिलाई जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए तेजी से 41 रन रन जोड़े। जेमिमा ने 16 गेंद की आक्रामक पारी में तीन चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाए। आखिरी ओवरों में रिचा घोष ने 14 गेंद में 30 रन की पारी खेल टीम के स्कोर को 165 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## नडाल पहले दौर में जीते जोकोविच से होगा सामना

एजेंसी ⏭ पेरिस

स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने पेरिस ओलंपिक में अंतिम मिनट में एकल में खेलने का फैसला करते हुए रविवार को पहले दौर के मैच में मार्टन फुकसोविक्स पर जीत दर्ज की और अब उनका सामना सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा। नडाल ने यहां 14 बार रोलां गैरों की लाल बजरी पर रिकॉर्ड फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। उन्होंने फुकसोविक्स पर 6-1, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की।

नडाल का दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर स्वागत किया जिनमें से कई ने अपने फोन के कैमरे से उस पल को कैद किया जब वह कोर्ट फिलिप चैटियर में पहुंचे। नडाल और अल्काराज की जोड़ी ने युगल के पहले दौर में शनिवार को अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी को 7-6, 6-4 से मात दी थी। और साढ़े 18 घंटे बाद नडाल फिर से एकल खेलने कोर्ट पर थे जिसमें खेलने को लेकर पहले स्पष्टता नहीं थी।






# एक नहीं तीन बार बन चुका है दिल्ली का कुतुब मीनार

**नई दिल्ली।** कुतुब मीनार दिल्ली की ऐतिहासिक इमारत है। दिल्ली में हैं, तो इसे देखना मिस नहीं करना चाहिए। बचपन से ही हम किताबों में कुतुब मीनार के बारे में पढ़ते आए हैं। यह ईंट से बनी दुनिया की सबसे बड़ी इमारत है, साथ ही इंडो इस्लामिक आर्किटेक्चर का बेहतरीन नमूना भी। इतिहासकारों का मानना है दिल्ली के अंतिम हिंदू शासक की हार के बाद कुतुब उद दीन ऐबक ने 1193 में कुतुब मीनार का निर्माण कराया था। बता दें कि वे भारत के पहले मुस्लिम शासक थे।

यह पांच मंजिला इमारत लाल पत्थरों और मार्बल से बनी है। मीनार की अंदर गोल 379 सीढ़ियां हैं। अपनी खूबसूरती और ऊंचाई के कारण इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किया गया है। पर इस मीनार से जुड़े कुछ ऐसी बातें हैं, जो हैरान कर देने वाली हैं।



### तीन बार में हुआ निर्माण

लाल ईटों से बनी ऊंची इमारत को बनाना इतना आसान नहीं था। इसे एक नहीं , बल्कि तीन बार में बनाया गया है। पहली बार में 1369 में कुतुब मीनार पर बिजली गिरी। जिससे इसकी ऊपरी मंजिल टूट गई। इसी वजह से फिरोज शाह तुगलक ने फिर से कुतुब मीनार का रिनोवेशन कराया।

### इन्होंने बनाई तीसरी मंजिल

बताया जाता है कि कुतुब उद्दीन इसका आधार ही पूरा कर पाए थे। लेकिन इसे पूरा रूप दिया उनके उत्तराधिकारी इल्तुतमिश ने। उन्होंने इस इमारत की तीन मंजिल बनवा दी थी। इसके बाद 1368 में फिरोजशाह तुगलक ने पांचवी और अंतिम मंजिल बनवाई।

### मंदिरों को तोड़कर बनाई मस्जिद

बता दें कि मीनार के पास एक मस्जिद भी है, जिसे भारत की पहली क्वातुल इस्लाम मस्जिद के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि यह मस्जिद हिंदुओं के 27 मंदिर तोड़ने के बाद इसके बचे अवशेषों से बनाई गई है। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई है, कोई नहीं जानता।

### हुआ था खतरनाक हादसा

क्या आप जानते हैं कि कुतुब मीनार देखने में जितना सुंदर है, यह उतना भयावह भी है। कई साल पहले इस मीनार ने कई लोगों की जान ले ली। दरअसल, बात 1974 की है। इस वक्त कुतुब मीनार में आम जनता को एंट्री दी जाती थी। लेकिन 4 दिसंबर 1981 में लोगों के साथ एक ऐसा भयानक हादसा हुआ कि भगदड़ मच गई और 45 लोगों की मौत भी हो गई।

### अब नहीं है अंदर जाने की एंटी

इस हादसे के बाद से कुतुब मीनार में एंट्री बंद कर दी गई है। इसे जब भी खोलने पर विचार किया गया, तो मीनार किसी न किसी हादसे का शिकार हुई है। इसलिए सरकारी तौर पर इसे बंद करने का ही फैसला लेना पड़ा।

# सिक्किम के नए राज्यपाल माथुर से मिले मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री माथुर को राज्यपाल पद पर नियुक्ति की बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बातचीत के दौरान श्री माथुर के अनुभव और नेतृत्व की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी नियुक्ति से सिक्किम के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री माथुर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के समय भाजपा के प्रदेश प्रभारी और चुनाव प्रभारी थे, उनके नेतृत्व में भाजपा ने यहां चुनाव लड़ा और चुनाव में जीत प्राप्त कर वापस सरकार बनाने का काम किया है।

# यह हम सबकी जिम्मेदारी कि न्यायिक व्यवस्था में देशवासियों की आस्था बरकरार रहे: जस्टिस गवई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

▪ हाईकोर्ट में राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि आम लोगों के लिए न्याय सरल, सस्ता और सुलभ होना चाहिए। इसके साथ ही यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि न्याय व्यवस्था में लोगों की आस्था बरकरार रहे। इसकी सबसे पहले शुरूआत जिला कोर्ट से होती है इसलिए निचली अदालतों को अधिक गंभीर और जिम्मेदार होना होगा। निचली अदालतों में मूलभूत सुविधाओं के साथ ही काम करने का बेहतर माहौल भी होना चाहिए। इससे जिला जजों के साथ ही वहां काम करने वाले ज्यूडिशियरी के कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है। जस्टिस गवई ने यह संबोधन हाईकोर्ट में आयोजित राज्य स्तरीय कांफ्रेस में दिया। हाईकोर्ट परिसर में रविवार की सुबह न्यायिक अधिकारियों की राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के तीन जज शामिल हुए। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और हाईकोर्ट की ओर से आयोजित इस कांफ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट जस्टिस प्रशांत मिश्रा,जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस बी आर गवई विशेष रूप से उपस्थित थे। कांफ्रेंस मे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा समेत अन्य जस्टिस और बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी शामिल हुए।



### निचली अदालतें न्याय पालिका की आधार

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस श्री गवई ने कहा कि जिला कोर्ट और निचली अदालतें, उनके मजिस्ट्रेट, न्याय पालिका के आधार हैं। जनता का भरोसा ट्रायल कोर्ट पर बहुत ज्यादा है, इसलिए उनकी भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज भी सैकड़ों की संख्या में कोर्ट केस दाखिल हो रहे हैं, क्योंकि देशवासियों को भरोसा है कि पुलिस और प्रशासन से ना सही लेकिन न्यायिक व्यवस्था से न्याय जरूर मिलेगा।

### जिला कोर्टों के समक्ष कई चुनौतियां

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस श्री गवई ने संबोधन में कहा कि फैसला देने वाले एक जज को जानकार, जागरूक, सजग, गंभीर और संवेदनशील होना भी जरूरी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्धी और तेजी से प्रगतिशीलता की तारीफ करते हुए कहा कि तमाम चुनौतियों के बाद भी राज्य बनने के 24 सालों में ही यह प्रदेश तेजी से आगे बढ़ा है और एक माडल के रूप में अपने आप को राज्य ने पेश किया है। उन्होंने बस्तर के चित्रकोट प्रपात और बस्तर आर्ट के विश्व पटल पर पहुंचने की भी तारीफ की। जस्टिस गवई ने कहा कि छग में 32 प्रतिशत से अधिक आबादी ट्राइबल्स की है, इसे ध्यान में रखते हुए भी यहां का विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिला कोर्ट और वहां के न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष कई चुनौतियां है। इसे ध्यान में रखते हुए बेहतर न्यायिक माहौल बनाना होगा।


# आग ताप रहे 3 लोगों के ऊपर गिरी झोपड़ी एक मासूम की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

जिले के फरसगांव क्षेत्र के थाना उरंदाबेडा अंतर्गत ग्राम झाकरी में शनिवार की दोपहर झोपड़ी गिरने से तीन लोग दब गए। जिनमें से एक डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई, वही दो लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम झाकरी निवासी डेढ़ वर्षीय मिताँशू दुग्गा पिता दशमु दुग्गा, 3 वर्षीय चित्रांश दुग्गा पिता बज्जू राम दुग्गा, 22 वर्षिय युवती बज्जो दुग्गा पिता लखमा राम आग ताप रहे थे। तभी लगभग 12 बजे तेज बारिश के चलते अचानक झोपड़ी गिर गई और तीनों दब गए। वही दो मोटर साइकल भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। तीनों को झोपड़ी के मलबे से बाहर निकाला गया। घटना में डेढ़ वर्षीय मासूम मिताँशू दुग्गा की मौत हो गई। बाकी घायलों को उपचार हेतु नारायणपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फरसगांव राजस्व अमला की टीम ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।



# पुल से बाइक के साथ नदी में बहा युवक झाड़ियों के बीच फंसा, रेस्क्यू जारी



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 जुगानी के पुराने पुल में रविवार की शाम युवक बाइक धोने के दौरान बाइक के साथ युवक बह गया। आगे जाकर वह झड़ियो में फंस गया, जिसे गोताखोर टीम सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक जोनीव्रत सरकार पिता जगदीश सरकार रविवार की शाम 4 बजे पुराने जुगानी पुल में अपनी बाइक को धो रहा था, तभी अचानक पानी का बहाव बढ़ गया और वह बाइक के साथ पानी तेज बहाव में बह गया। बाइक पानी में डूब गई, लेकिन वह किसी तरह तैरकर पानी के अंदर स्थित पेड़ की झड़ियों में फंसा हुआ है। सूचना पर तत्काल राजस्व की टीम और फरसगांव पुलिस एसडीपीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा और थाना प्रभारी नरेश साहू घटना स्थल पहुचे और गोताखोर की टीम को सूचना दिए। वहीं घटना की खबर लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। शाम 6 बजे गोताखोर की टीम पहुंची और झाड़ियों में फंसे युवक को निकालने में जुटी गई है।

### तेज बहाव के कारण अभी तक रेस्क्यू नहीं पाया

बताया जा रहा है कि युवक झाड़ियों में बैठा हुआ है और वह सुरक्षित है। झाड़ियों तक गोताखोर की टीम पहुंच गई है, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के चलते युवक को निकाला नहीं जा सका है। समाचार लिखे जाने तक रात 8 बजे तक युवक को बाहर नहीं निकाला गया था।

# 20-25 साल होती है किंग कोबरा की उम्र



किंग कोबरा प्रजाति के सांप ज्यादातर भारत और एशिया के अन्य देशों में पाए जाते हैं। इनका जीवन काल 20 से 25 साल तक होता है। यानी इतने दिनों तक ये जिंदा रह सकते हैं। इस नस्ल के सांपों की लंबाई आमतौर पर 10 से 13 फीट तक होती है। यह इतने मजबूत होते हैं कि अपनी पूंछ पर पूरा शरीर खड़ा कर सकते हैं। मगर आज हम इसके बारे में आपको अनोखे फैक्ट बताने जा रहे हैं। सबसे जहरीले सांपों में से एक किंग कोबरा भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार और बांग्लादेश में पाए जाते हैं। यह कई दिनों तक भूखा रह सकता है। लेकिन अगर खाने का मन हो तो अन्य जहरीले सांपों को भी यह खा जाता है।

# किरन्दुल रेल यार्ड में बारिश का पानी जमा होने से रेल परिचालन ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



किरन्दुल में हुई भारी बारिश के चलते किरन्दुल और बचेली रेल यार्ड में बारिश का पानी भरने से दो यात्री ट्रेन पैसेंजर और नाईट एक्सप्रेस और दर्जनों मालगाड़ियों के परिचालन पर प्रतिकुल असर हुआ है। इसीलिये सभी ट्रेनें किरन्दुल नहीं चलाने का निर्णय लिया गया है। पूर्व तट रेल जोन मुख्यालय भुवनेश्वर से मिले आदेश के बाद विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते सतर्कता बरत रहा है। रेल मण्डल मुख्यालय ने दो दिन पहले ही शुक्रवार को किरन्दुल रेल यार्ड में पटरी के ऊपर बारिश का पानी आने पर सभी ट्रेनों का परिचालन किरन्दुल के लिए रोक दिया। इस निर्णय के बाद विशाखापटनम से किरन्दुल आने-जाने वाली पैसेंजर और नाईट एक्सप्रेस ट्रेन को किरन्दुल की बजाय दंतेवाड़ा तक चलाई जा रही है। यह व्यवस्था आगामी 31 जुलाई तक रहेगा। विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय ने जारी आदेश में इस बात का जिक्र करते उल्लेख किया कि जान-माल का किसी प्रकार से समझौता नहीं किया जा सकता। किरन्दुल से विशाखापटनम शाम पौने 7 बजे जगदलपुर से विशाखापटनम के लिए प्रतिदिन चलती है।

# तलाकशुदा महिलाओं की मंडी, पति से अलग होने पर करती हैं सेलिब्रेशन



**नई दिल्ली।** किसी भी महिला के लिए तलाक कभी खुशी का मौका नहीं होता। हर महिला चाहती है कि उसकी जिंदगी में कभी ऐसा मौका न आए, हालांकि कई बार जब परिस्थितियां इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर देती हैं तो महिलाएं दुखी होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक देश ऐसा भी है जहां महिलाएं तलाक होने पर जश्न मनाती हैं। इस देश में जब किसी महिला का तलाक होता है तो लोग नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। इसे डिवोर्ट पार्टी कहा जाता है। इस दौरान महिला की मां बकायदा ढोल बजाकर अपने पूरे समाज को ये बताती है कि आज से उसकी बेटी तलाकशुदा है। चलिए इसके पीछे की वजह जानते हैं।

### मां के पास होती है बच्चों की कस्टडी

मॉरिटेनिया में ज्यादातर लोग मुस्लिम हैं। ऐसे में जिन महिलाओं का यहां तलाक हो जाता है अमूमन बच्चों की कस्टडी उन्हीं के पास होती है। उनके भरण पोषण के लिए महिलाओं को काम करना पड़ता है। जिसके लिए वो कोई नौकरी ज्वाइन कर लेती हैं या फिर यहां लगने वाले डिवोर्स मार्केट में अपनी दुकान खोल लेती हैं। या फिर उन दुकानों पर काम करना शुरू कर देती हैं। तलाक के बाद महिलाएं अपनी नई जिंदगी शुरू करती हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि तलाक के बाद महिला फिर से शादी नहीं कर सकतीं, कई बार महिलाएं दूसरी शादी के ऑप्शन को भी चुनती हैं और फिर नया परिवार बसाती हैं।

### तलाक के बाद इस जगह लोग मनाते हैं खुशी

दरअसल हम पश्चिम अफ्रीकी देश मॉरिटेनिया की बात कर रहे हैं। इस देश में तलाकशुदा महिलाओं का एक बाजार है। यानी जिस महिला का तलाक हो जाता है वो इस बाजार में सामान बेचती है। इस मार्केट में जरुरत का सारा सामान बेचा जाता है और इस तरह तलाकशुदा महिलाएं अपने बच्चों का पालन पोषण करती हैं। आपको जाानकर हैरानी होगी कि इस बाजार को देखने लोग दूर-दूर से भी आते हैं। दरअसल रेगिस्तानी देश मॉरिटेनिया में किसी दंपत्ती का तलाक हो जाना बेहद आम बात मानी जाती है। यही वजह है कि यहां महिलाएं दुख में डूबने की बजाए तलाक होने पर जश्न मनाती हैं। इस दौरान जश्न ऐसा होता है कि मानों कोई शादी हो रही हो, पुरुष और महिलाएं गान गाते हैं वहीं महिला की सहेलियां उसके लिए पार्टी भी ऑर्गेनाइज करती हैं।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com